राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण शुक्रवार,14अगस्त2020 वर्ष-3, अंक -199 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मालदीव से चीन को भगाने की तैयारी में भारत, करेगा 50 करोड़ डॉलर का निवेश



**नई दिल्ली।**

भारत, मालदीव में महत्वपूर्ण सम्पर्क परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए 40 करोड़ डॉलर की कर्ज सुविधा और 10 करोड़ डॉलर का अनुदान देगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला शाहिद से विविध विषयों पर व्यापक चर्चा के बाद यह बात कही। अधिकारियों ने बताया कि 6.7 किलोमीटर की ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना (जीएमसीपी) मालदीव में सबसे बड़ी नागरिक आधारभूत परियोजना होगी जो माले को तीन पड़ोसी द्वीपों - विलिंगिली, गुल्हीफाहू और थिलाफूसी से जोड़ेगी। जीएमसीपी की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि यह सत्तारूढ़ एमडीपी पार्टी का प्रमुख चुनावी वादा था जिसके लिये मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने पिछले वर्ष सितंबर में जयशंकर से बैठक के दौरान भारत की सहायता मांगी थी। जयशंकर ने ट्वीट किया, '' भारत ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना के क्रियान्वयन करने के लिए वित्त पोषण करेगा जो 40 करोड़ डॉलर की कर्ज सुविधा और 10 करोड़ डॉलर के अनुदान के जरिये होगा। यह 6.7 किलोमीटर की पुल परियोजना है जो माले को गुल्हीफाहू बंदरगाह और थिलाफूसी औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ेगा। इससे मालदीव की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी और बदलाव आएगा। उन्होंने भारत और मालदीव के बीच नियमित कार्गो सेवा शुरू करने की भी घोषणा की ताकि दोनों देशों के बीच कारोबार और वाणिज्य को गति प्रदान की जा सके। विदेश मंत्री ने कहा, '' हम मालदीव के साथ एयर बबल (हवाई यात्रा) शुरू कर रहे हैं ताकि दोनों देशों के लोगों के बीच सम्पर्क को बढ़ावा मिल सके। जीएमसीपी परियोजना में एक पुल और 6.7 किलोमीटर लंबे सम्पर्क मार्ग का निर्माण शामिल है। विदेश मंत्रालय ने कहा, '' एक बार यह परियोजना पूरी होने पर चार द्वीपों में सम्पर्क सुगम हो सकेगा और इससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी, रोजगार सृजित होगा तथा माले क्षेत्र में सम्पूर्ण शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। भारत गुल्हीफाहू में बंदरगाह के निर्माण के लिये भी वित्तीय मदद प्रदान कर रहा है। फेरी सेवा को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने इससे द्विपक्षीय कारोबार एवं सम्पर्क को बढ़ावा मिलने एवं दोनों देशों के बीच आर्थिक गठजोड़ मजबूत होने की बात कही। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कोर्गो फेरी सेवा से समुद्री सम्पर्क को बढ़ावा मिलेगा। इससे परिचालन लागत कम होगी और कारोबारियों का समय बचेगा। एयर बबल सेवा के सृजन का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि मालदीव पहला पड़ोसी देश होगा जिसके साथ एयर बबल सेवा शुरू होने जा रही है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि एयर बबल सेवा मालदीव में पर्यटकों के आगमन एवं राजस्व सृजन को भारत के समर्थन का प्रतीक है। इसमें दोनों देशों के स्वास्थ्य मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। बातचीत के दौरान जयशंकर ने वर्ष 2020-21 में मालदीव को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के कोटे के नवीनीकरण के भारत के निर्णय की जानकारी दी। इसमें आलू प्याज, गेहूं, चीनी, दाल, अंडा आदि शामिल है।

## दिल्ली: ढाई महीने की बच्ची को चार बार बेचा गया, दिल्ली पुलिस की मदद से DWC ने कराया मुक्त

**नई दिल्ली।**

दिल्ली महिला आयोग की टीम ने एक ढाई माह की बच्ची को बचाने में सफलता हासिल की जिससे कई बार बेचा गया है और इसके साथ ही पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आज कहा कि कहा, ''बुधवार देर रात से ही हम और हमारी टीम बच्ची की तलाश में जुटी हुई थी। पूरी रात मशक्कत कर, कई जगह छापे मारे और एक इतने बड़े रैकेट जिसमें बच्ची को कई बार बेचा गया उससे छुड़वाया। इस केस में दिल्ली पुलिस का कार्य भी सराहनीय रहा, हम उनका भी धन्यवाद करते हैं। इस मामले में पांच लोग गिरफ्तार भी हुए हैं, हम अब बच्ची के पुनर्वास पर काम कर रहे हैं। महिला आयोग 24 घंटे सातों दिन मुस्तैदी से काम कर रहा है। मालीवाल ने कहा कि बुधवार देर रात दिल्ली महिला आयोग की महिला पंचायत को अमनप्रीत नामक शख्स ने सूचना दी कि उसने अपनी एक ढाई महीने की बच्ची को परवरिश न कर पाने की वजह से किसी को सौंप दिया था और अब उसे बच्ची के आगे बेचे जाने की सूचना मिली है। उसने आयोग से बच्ची के तस्कर को पकड़वाने की गुज़ारिश की। आयोग की सदस्य फ़रिदौस और किरण नेगी ने जानकारी सुश्री मलिवाल को दी और एक टीम गठित की गई। बेटी के पिता के साथ आयोग की टीम सबसे पहले जाफराबाद पहुंची जहाँ पर इस व्यक्ति ने अपनी बेटी को सबसे पहले मनीषा नाम की महिला को 40 हजार में बेचा था। बताये गए पते पर पहुंचने पर मनीषा वहां नहीं मिली। अमनप्रीत ने मनीषा को फोन किया तो मनीषा ने बताया कि उसने बच्ची को आगे बेच दिया है। मनीषा की बातचीत से जानकारी लेकर बच्ची के पिता को महिला आयोग की टीम थाने में ले गयी और पुलिस ने उससे पूछताछ की।

## देश के कई हिस्सों में अगले 2-3 दिन के दौरान हो सकती है बहुत भारी बारिश, मौसम विभाग का अलर्ट



**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में अगले 2-3 दिन के दौरान भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों के पास कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून के रुख और अरब सागर से नमी के साथ दक्षिण-पूर्वी हवाओं के अगले दो दिनों तक जारी रहने की संभावना है, जिससे देश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने कहा कि उत्तर भारत के हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। देश के पश्चिमी हिस्सों गुजरात, गोवा, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों और भारत के मध्य भागों में भी अगले 4-5 दिन के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने कहा, गुजरात में अगले दो दिन के दौरान और मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि ओडिशा, आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों और तेलंगाना में भी अगले 2-3 दिन के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं।

### संक्षिप्त समाचार



## खालिस्तान के ऐलान के बाद हाई अलर्ट पर दिल्ली, 45000 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी देंगे पहरा

**नेशनल डेस्क।** स्वतंत्रता दिवस पर इस बार सुरक्षा के खास प्रबंध किए गए हैं। वहीं कुछ सुरक्षा एजेंसियां भी हाई अलर्ट पर हैं। दरअसल सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस ( ने ऐलान किया है कि 15 अगस्त के मौके पर लाल किले पर जो कोई भी खालिस्तान का झंडा फहराएगा उसे 125,000 डॉलर का इनाम दिया जाएगा। स्न्नह्ल्न ने यह भी ऐलान किया कि 15 अगस्त सिख समुदाय के लिए स्वतंत्रता दिवस नहीं है बल्कि 1947 सिर्फ उनके लिए शासकों की अदला-बदली है। स्न्नह्ल्न ने 1984 सिखों दंगों का जिक्र करते हुए कहा कि सिखों का तब नरसंहार किया गया था। के इस ऐलान के बाद लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस पर 45,000 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी पहरा देंगे। इतना ही नहीं लाल किले के चारो तरफ ऊंची इमारतों पर 2,000 से अधिक स्नाइपर्स भी तैनात किए जाएंगे। वहीं स्न्नह्ल्न की घोषणा पर दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। खालिस्तान समर्थक समूह ने पिछले महीने यह भी ऐलान किया था कि वो 15 अगस्त को अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, इटली, जर्मनी, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भारतीय दूतावासों के सामने स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर अलगाववादी एजेंडे 'रेफरेंडम 2020' के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन करेंगे।

## वैष्णो देवी यात्रा पर फिर संकट के बादल, भवन में पुजारी समेत 8 कर्मचारी निकले कोरोना पॉजिटिव

**कटडा।** 16 अगस्त से शुरू हो रही मां बैष्णो देवी की यात्रा पर एक बार फिर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। श्री माता वैष्णो देवी भवन पर बुधवार को पुजारी समेत आठ और लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड प्रशासन ने इन लोगों के संपर्क में आए कर्मचारियों के टेस्ट और सैनिटाइजेशन का काम तेज कर दिया है। पिछले दो दिन में 12 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हो जाने से यात्रा पर संशय पैदा हो गया है। श्राइन बोर्ड ने पिछले एक सप्ताह से कटड़ा से भवन तक सैनिटाइजेशन सहित अपने सभी कर्मचारियों और पुजारियों के कोरोना टेस्ट की जांच शुरू कर रखी है। गत मंगलवार को वैष्णो देवी के भवन पर तीन भजन गायक व सिक्योरिटी में तैनात एक जवान कोरोना संक्रमित पाया गया था। बुधवार को भी भवन पर नियुक्त दो कथा पुजारी तथा छह अन्य पुजारी पॉजिटिव पाए गए। इनमें से कुछ को श्राइन बोर्ड के नारायणा अस्पताल में और कुछ कर्मचारियों को पैंथल स्थित आइसोलेशन वार्ड में रेफर कर दिया गया है।बोर्ड प्रशासन द्वारा हर संभव एहतियात बरतने के साथ साथ उचित कदम उठाए जा रहे है। बैष्णो देवी भवन पर तैनात 63 बर्षीय असिस्टैट सुरक्षा अधिकारी के कोरोना संक्रमित होने के बाद से बोर्ड प्रशासन पर सवाल उठने शुरू हो गए है। केद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 60 बर्ष से अधिक उम्र के लोगों के घरों में रहने की हिदायतें दी जा रही है वावजूद इसके वोर्ड प्रशासन द्वारा 63 बर्षीय रिटायर्ड वुजुर्ग को अपनी निजी सुरक्षा अजेसी के असिस्टैट सुरक्षा अधिकारी के पद पर तैनात किया हुआ है।

## कोरोना को लेकर राहुल गांधी का पीएम पर हमला, कहा- संभली हुई स्थिति' है तो बिगड़ी स्थिति किसे कहेंगे



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर फिर हमला बोला है। इस बार राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर लगातार बढ़ रहे कोरोना मामलों को लेकर निशाना साधा है। राहुल गांधी एक ग्राफ शेयर करते हुए पूछा, अगर ये की राहुल गांधी एक ग्राफ शेयर करते हुए पूछा, अगर ये की 'संभली हुई स्थिति' है तो बिगड़ी स्थिति किसे कहेंगे? इससे पहले राहुल गांधी ने बुधवार को भी पीएम मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने इन्फोसिस के संस्थापक एन आर नारायणमूर्ति की ओर से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आजादी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट की आशंका जताए जाने को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने नायरायणमूर्ति के बयान वाली एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया, ''मोदी है तो मुमकिन है।''

आजादी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट की आशंका जताए जाने को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने नायरायणमूर्ति के बयान वाली एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया, ''मोदी है तो मुमकिन है।'' गौरतलब है कि नारायणमूर्ति ने मंगलवार को आशंका जताई कि कोरोना वायरस महामारी के चलते इस वित्त वर्ष में देश की आर्थिक गति आजादी के बाद सबसे खराब स्थिति में होगी। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को जल्द से जल्द पटरी पर लाया जाना चाहिए। उन्होंने यह आशंका भी जताई कि इस बार जीडीपी में स्वतंत्रता के बाद सबसे बड़ी गिरावट दिख सकती है।

## मोदी ने तोड़ा वाजपेयी का रिकॉर्ड, बने सबसे लंबे वक्त तक सत्ता में रहने वाले गैर-कांग्रेसी



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी को पीछे छोड़ते हुए सबसे लंबे वक्त तक सत्ता में रहने वाले गैर कांग्रेस प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड कायम किया। वाजपेयी अपने सभी कार्यकालों को मिलाकर 2,268 दिनों तक देश के प्रधानमंत्री रहे थे, जो आज से पहले तक सबसे लंबे वक्त तक सत्ता में रहने वाले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। पीएम मोदी ने गुरुवार को उन्हें इस मामले में पीछे छोड़ दिया। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की अगुआई में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। बाद में 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने और भी बड़ी जीत हासिल की और नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने।अब वह भारतीय इतिहास में चौथे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन चुके हैं। कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी पीएम थे वाजपेयी वाजपेयी 3 बार भारत के प्रधानमंत्री रहे। पहली बार वह 1996 में पीएम बने लेकिन बहुमत साबित नहीं कर पाए। उसके बाद वह 1998 और 1999 में प्रधानमंत्री बने और 2004 तक सत्ता में रहे थे। वाजपेयी पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया था। जवाहर लाल नेहरू सबसे लंबे वक्त तक रहे प्रधानमंत्री सबसे लंबे वक्त तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम है। वह 16 वर्ष 286 दिनों तक प्रधानमंत्री रहे। दूसरे नंबर पर उनकी बेटी इंदिरा गांधी हैं जो 15 वर्ष 350 दिनों तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। सबसे लंबे कार्यकाल में तीसरे नंबर पर हैं मनमोहन सिंह नेहरू और इंदिरा के बाद मनमोहन सिंह सबसे लंबे वक्त तक सेवा देने वाले तीसरे प्रधानमंत्री हैं। सबसे लंबे कार्यकाल में तीसरे नंबर पर हैं मनमोहन सिंह नेहरू और इंदिरा के बाद मनमोहन सिंह सबसे लंबे वक्त तक सेवा देने वाले तीसरे प्रधानमंत्री हैं। वह 10 वर्ष 4 दिनों तक देश के प्रधानमंत्री रहें। वह 22 मई 2004 से 26 मई 2014 तक प्रधानमंत्री रहे। गुलजारी लाल नंदा के नाम सबसे कम अवधि के पीएम का रेकॉर्ड भारत के सबसे कम अवधि के प्रधानमंत्री पद पर रहने का रेकॉर्ड गुलजारी लाल नंदा के नाम है।

लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद वह 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966 तक 13 दिनों के लिए कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद भी वह 27 मई 1964 से 9 जून 1964 तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे थे।

## हाथ मिले पर दिल नहीं! गहलोत बोले- 19 विधायकों के बिना भी साबित कर देते बहुमत



**नेशनल डेस्क।** राजस्थान में कल से विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हो रहा है। इस बीच सीएम अशोक गहलोत के आवास पर विधायक दल की बैठक हुई। जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ी बात कही। अशोक गहलोत ने कहा की 19 विधायकों के बिना भी हम बहुमत साबित कर देते लेकिन उस स्थिति में वो खुशी नहीं होती जो अब हो रही है। सीएम गहलोत ने कहा कि अपने तो अपने होते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा में बीजेपी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाएगी, कांग्रेस विश्वासमत का प्रस्ताव पेश करेगी। आपको बता दें सियासी उठापटक के बाद ये पहला मौका था जब सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत की मुलाकात हुई। विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री गहलोत ने विधायकों से अब तक हुई बातों को भूलकर आगे बढ़ने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी एमएलए की शिकायत है तो उसे दूर करेंगे अभी चाहें तो अभी मिल लें और बाद में चाहें तो बाद में मिल लें। विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री गहलोत ने विधायकों से अब तक हुई बातों को भूलकर आगे बढ़ने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी एमएलए की शिकायत है तो उसे दूर करेंगे अभी चाहें तो अभी मिल लें और बाद में चाहें तो बाद में मिल लें।

## ईमानदार करदाताओं को सशक्त करने के लिए मोदी सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने ईमानदार करदाताओं को सशक्त और सम्मानित करने के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान मंच की शुरूआत किया जाना करदाताओं को उपहार है। कर व्यवस्था में सुधारों को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री ने आज इस नई कर व्यवस्था का लोकार्पण किया और इसके साथ ही देशवासियों से स्वप्रेरणा से आगे आकर कर भुगतान का आह्वान किया। ईमानदार करदाताओं को भारत के विकास और समृद्धि की रीढ़ करार देते हुए शाह ने ट्वीट कर कहा, इनको सशक्त बनाने और उन्हें सम्मान देने के लिए मोदी सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार, कारगर शासन के संकल्प की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। शाह ने इस कर सुधार मंत्र को नये भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा, च्पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान प्लेटफॉर्म का लॉन्च प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हमारे करदाताओं के लिए एक उपहार है। फेसलेस असेसमेंट, फेसलेस अपील और करदाता चार्टर जैसे सुधारों से यह प्लेटफॉर्म हमारी कर प्रणाली को और सुदृढ़ करेगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से शुरू हो रहीं नई व्यवस्थाएं, नई सुविधाएं न्यूनतम सरकार, कारगर शासन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। उन्होंने कहा, ये देशवासियों के जीवन में सरकार के दखल को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। देश में चल रहा संरचनात्मक सुधारों का सिलसिला आज एक नए पड़ाव पर पहुंचा है। पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान 21वीं सदी की कर प्रणाली की एक नई व्यवस्था है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## शांत शहर में हिंसा

भारत का एक प्रमुख आईटी हब माने जाने वाले बेमिसाल शहर बेंगलुरु में सद्भाव का प्रभावित होना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। सोशल मीडिया पर महज एक पोस्ट की वजह से भीड़ ऐसे भड़की कि तीन लोगों को अपनी जान देकर और 100 से ज्यादा लोगों को घायल होकर कीमत चुकानी पड़ी। इसके अलावा 110 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं। हिंसक भीड़ को संभालने में 60 से अधिक पुलिस वाले घायल हुए हैं। सद्भावना से खिलवाड़ के कारण 200 से ज्यादा परिवारों पर सीधे असर पड़ा है और अपेक्षाकृत शांत रहने वाले बेंगलुरु के दामन पर एक दाग आ लगा है। पढ़े-लिखे समझे जाने वाले शहरों में भी अगर एक पोस्ट मात्र से अमन-चैन का माहौल खराब हो सकता है, तो इससे पता चलता है कि भारत में सतर्कता कितनी जरूरी है। पोस्ट करने वाला शख्स कांग्रेस विधायक का भतीजा बताया जा रहा है, हालांकि उसका कहना है कि उसने पोस्ट नहीं डाली, इसके बावजूद एहतियात बरतते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके ठीक किया है। पूरे मामले की जांच होनी चाहिए कि आखिर पोस्ट किसने लिखी? इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है? सभ्य समाज के लोगों के साथ-साथ सरकार को भी सजग रहना चाहिए, नाना प्रकार के अनर्गल और गैर-कानूनी पोस्ट सोशल मीडिया पर चलती रहती हैं, जिनसे लोगों की भावनाएं आहत होती रहती हैं। कई बार लोग पोस्ट की आक्रामकता या हिंसा झेल लेते हैं, पर कई बार भावना भड़क उठती है। अतः अव्वल तो यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी अवैध-हिंसक-दुर्भावनाओं से भरी पोस्ट को चलने ही न दिया जाए। अगर कोई ऐसी पोस्ट को आगे बढ़ाता है, तो उसे ऐसे दंडित करना चाहिए कि समाज के सामने एक नजीर बन जाए। दूसरी ओर, किसी भी तरह की हिंसा के लिए भीड़ जुटाने की बढ़ती गैर-कानूनी प्रवृत्ति की पड़ताल भी जरूरी है। एक लोकतांत्रिक देश में ऐसे भीड़-तंत्र को बढ़ाने के अपने खतरे हैं। पुलिस का खुफिया तंत्र मजबूत होना चाहिए, ताकि किसी भी तरह के आपराधिक मकसद या कानून हाथ में लेने के इरादे से कोई साजिश मुमकिन न हो। लोकतंत्र में भीड़ की इस भ्रांति पर अंकुश भी जरूरी है कि वह कुछ भी कर सकती है। दिल्ली में जो दंगे हुए थे, उसमें भी कदम-कदम पर दोनों समुदायों की ओर भीड़ की गलत भूमिका दिखी थी। बेंगलुरु में भी यही हुआ, भीड़ ने विधायक के घर, पुलिस वालों और थाने को निशाना बनाया। उपद्रवियों ने सुबह तक का इंतजार नहीं किया, रात ही ऐसे निकल चले कि गोलीबारी की नौबत आ गई। खुफिया एजेंसियों को यह देखना होगा कि बेंगलुरु में हुई इस हिंसा के पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं थी। कर्नाटक के गृह मंत्री ने बिल्कुल सही कहा है, 'तोड़फोड़ से किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता'। बेंगलुरु के डीजे हल्ली व केजी हल्ली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। किसी भी भीड़ को सड़क पर उतरने का मौका नहीं मिलना चाहिए। संयम बरतने के साथ ही, पुलिस साइबर सेल और आईटी कंपनियों को भी पूरी सावधानी बरतनी चाहिए कि सोशल मीडिया के किस भी मंच पर द्वेष-रोष भरे घात-प्रतिघात का नया सिलसिला न चले। साइबर वर्ल्ड की गंदगी को वहीं पूरी चौकसी व कड़ाई से साफ करने की जरूरत है, ताकि वह किसी शहर में सड़क पर न नजर आए।



## आज के ट्वीट

### वसूली

कर्नाटक सरकार ने क़हा बंगलूर हिंसा में जो 300 वाहन जलाये गये उनके नुकसान की वसूली 'यूपी' की तर्ज़ पर होंगी , दोषी खोजे जाएंगे.

--अर्णव गोस्वामी

# ग्रामीण आर्थिकी की बदलेगी तस्वीर

जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए एक लाख करोड़ रुपये की वित्तपोषण सुविधा को लॉन्च किया है। इसके तहत कृषि ऋण समितियों, किसान समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), कृषि-उद्यमियों, स्टार्टअप्स और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग लगाने के लिए 2 करोड़ रुपए तक की क्रेडिट गारंटी सरकार लेगी और ब्याज में 3 फीसदी सालाना की रियायत दी जाएगी। वस्तुतः कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रोत्साहन पैकेज का हिस्सा है। कोविड-19 की चुनौतियों के बीच इस समय देश में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि व ग्रामीण विकास के लिए जो पहल की जा रही हैं, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ऊर्जावान परिदृश्य निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है। यद्यपि हमारे देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान करीब 17 फीसदी है, लेकिन देश के 60 फीसदी लोग खेती पर आश्रित हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी करीब 50 फीसदी है। अतएव कृषि देश की जीवन रेखा है। हाल ही में प्रकाशित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित विभिन्न रिपोर्टों में कोविड-19 की चुनौतियों के बीच भारत के लिए मजबूत ग्रामीण बुनियादी घटक रेखांकित किए गए हैं। देश में रबी की बंपर पैदावार के बाद फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला है। सरकार द्वारा किसानों को दी गई पीएम किसान सम्मान निधि, गरीबों के 40 करोड़ से अधिक जनधन खातों में नकद रुपया डालने जैसे कदमों से किसानों की मुट्ठियों में बड़ी धनराशि पहुंची है। ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में भी तेजी से वृद्धि दिखाई दे रही है। हाल ही में देश की पहली किसान ट्रेन 7 अगस्त को महाराष्ट्र के देवलाली रेलवे स्टेशन से बिहार स्थित दानापुर रेलवे स्टेशन के लिए शुरू हुई है। यह ट्रेन महाराष्ट्र से संतरा और दूसरे फल व सब्जियां लेकर बिना समय गंवाए बिहार पहुंचेगी और वहां से लीची तथा दूसरे फल व सब्जियां लेकर महाराष्ट्र लौटेगी। इसका फायदा रास्ते में पड़ने वाले सभी गांवों व शहरों को मिलेगा। इस तरह की सुविधाओं से खराब मौसम या दूसरे प्रकार के संकट के समय शहरों में ताजा फल व सब्जियों की कमी नहीं होगी। किसान ट्रेन से जहां उत्पादन करने वाले किसानों को अच्छी कीमत मिलेगी वहीं उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर फलों तथा सब्जियों की प्राप्ति होगी तथा उत्पादकों को भी अच्छी कीमत मिलेगी। अब आने वाले समय में देश के विभिन्न भागों में भी ऐसी किसान ट्रेन कृषि से आय में वृद्धि करेगी। गांव के नजदीक रोजगार मिलेगा। निश्चित रूप से अच्छे मानसून के चलते किसानों और ग्रामीण भारत के लिए दिए गए आर्थिक प्रोत्साहनों के साथ-साथ खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के लिए लाभप्रद है। पिछले दिनों सरकार ने 17 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 2 से 7.5 फीसदी के दायरे में बढ़ोतरी की घोषणा की है। खासतौर से खरीफ की मुख्य फसल धान के लिए 2.89 से 2.92 फीसदी, दलहनों के लिए 2.07 से 5.26 फीसदी तथा बाजरे के लिए 7.5 फीसदी एमएसपी में बढ़ोतरी की गई है। इसमें किसानों को फसल लागत से 50 फीसदी अधिक दाम देने की नीति का पालन किया गया है। नई कीमतें उत्पादन लागत से 50 से 83 फीसदी अधिक होंगी। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों को चार फीसदी ब्याज पर तीन लाख रुपए तक का कर्ज सुनिश्चित किया जाना भी किसानों के लिए लाभप्रद होगा। उल्लेखनीय है कि मई, 2020 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20 लाख 97 हजार 53 करोड़ रुपए का जो आर्थिक पैकेज प्रस्तुत किया है, उसमें खेती किसानी को बेहतर बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता की बुनियाद बनाने का लक्ष्य है। निश्चित रूप से पशुपालन बुनियादी ढांचा विकास फंड से भारत की मौजूदा डेयरी क्षमता तेजी से बढ़ेगी। साथ ही इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में करीब 30 लाख लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा। किसानों को कृषि उत्पाद मंडी समिति के माध्यम से उत्पादों को बेचने की अनिवार्यता खत्म होने और कृषि उपज के बाधा रहित कारोबार से बेहतर दाम पाने का मौका मिलेगा। ज्ञातव्य है कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में संशोधन करने के फैसले से अनाज, दलहन, तिलहन, खाद्य तेल, आलू और प्याज की कीमतें प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति को छोड़कर भंडारण सीमा से स्वतंत्र हो जाएंगी। ऐसे में जब किसान अपनी फसल को तकनीक एवं वितरण नेटवर्क के सहारे कहीं भी बेचने की स्थिति में होंगे, तो इससे निश्चित रूप से किसानों को उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। कृषि सुधार से एक फायदा यह भी होगा कि जब किसान अपने छोटे-छोटे खेतों से निकली फसल को कहीं भी बेचने के लिए स्वतंत्र होंगे, तो इससे जहां एक ओर बंपर फसल होने पर भी फसल की बर्बादी या फसल की कम कीमत मिलने की आशंका नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर फसल के निर्यात की संभावना भी बढ़ेगी। इसी तरह किसानों को अनुबंध पर खेती की अनुमति मिलने से किसान बड़े रिटेल कारोबारियों, थोक विक्रेताओं तथा निर्यातकों के साथ समन्वय करके अधिकतम और लाभप्रद फसल उत्पादित करते हुए दिखाई दे सकेंगे। इसके बावजूद किसानों को खरीफ सीजन आने के पहले कृषि उत्पादन के लिए जरूरी सामान खरीदने के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराना होगी। ग्रामीण क्षेत्र के छोटे और कुटीर उद्योगों को सरल ऋण मिलना भी सुनिश्चित किया जाना होगा। खराब होने वाले कृषि उत्पादों जैसे फलों और सब्जियों के लिए लॉजिस्टिक्स सुदृढ़ किया जाना होगा, जिससे किसानों को बेहतर मुनाफा दिया जा सके। खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए अतिरिक्त कार्यशील पूंजी ऋण मुहैया कराया जाना होगा, जिससे वे कच्चे माल की खरीद कर सकें। उम्मीद है कि एक लाख करोड़ रुपए के कृषि बुनियादी ढांचा कोष से फसल तैयार होने के बाद गांवों में नौकरियों के सृजन में मदद मिलेगी। कृषि बुनियादी ढांचा फसल तैयार होने के बाद होने वाले नुकसान में कमी ला पाएगा। इससे छोटे किसानों की तकलीफें कम होंगी और उन्हें ऐसी ताकत मिलेगी कि वे अपने उत्पादों को खुद के गोदाम बनाकर बेहतर देखभाल कर सकेंगे या उन लोगों को अपनी फसल देंगे, जो बेहतर दाम दें। उम्मीद है कि आवश्यक जिंस अधिनियम और ठेके पर कृषि के ढांचे को लेकर जारी अध्यादेश से निजी कंपनियों को निवेश में सहूलियत मिलेगी और उन्हें भंडारण सुविधा और गोदामों में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही भारत में फसल तैयार होने के बाद के प्रबंधन जैसे गोदाम, कोल्ड स्टोरेज चेन्स खाद्य प्रसंस्करण और ऑर्गेनिक व फोर्टीफाइड फूड में वैश्विक निवेश की अच्छी संभावनाएं आगे बढ़ेंगी। उम्मीद है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान से भारत में उन्नत कृषि, शीत भंडार गृह, ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग, पशुपालन, डेयरी उत्पादन तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। ऐसे में मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद बनते हुए दिखाई दे सकेगी। उम्मीद है कि सरकार के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं के कारगर क्रियान्वयन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में खुशहाली आयेगी।

लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं।

## ज्ञान गंगा

### एकाग्रता

श्रीराम शर्मा आचार्य

एकाग्रता एक उपयोगी सत्प्रवृत्ति है। मन की अनियन्त्रित कल्पनाएं, अनावश्यक उड़ानें उस उपयोगी विचार शक्ति का अपव्यय ही करती हैं, जिसे यदि लक्ष्य विशेष पर केन्द्रित किया गया होता, तो गहराई में उतरने और महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करने का अवसर सहज ही मिल जाता। यह चित्त की चंचलता ही है, जो मनः संस्थान की दिव्य क्षमता को ऐसे ही निरर्थक गंवाती रहती है और नष्ट-भ्रष्ट करती रहती है। संसार के वे महामानव जिन्होंने किसी विषय में पारंगत प्रवीणता प्राप्त की है या महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं, उन सबने विचारों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनावश्यक चिंतन से हटाकर उपयोगी दिशा में चलाने की क्षमता प्राप्त की है। इसके बिना चंचलता की वानरी वृत्ति से ग्रसित व्यक्ति न तो किसी प्रसंग पर गहराई के साथ सोच सकता है और न ही किसी कार्यक्रम पर देर तक स्थिर ही रह सकता है। शिल्प, कला, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान, व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण सभी प्रयोजनों की सफलता में एकाग्रता की शक्ति ही प्रधान भूमिका निभाती है। चंचलता को तो असफलता की सगी बहिन माना जाता है। कहना न होगा कि बाल चपलता का मनोरंजक उपहास उड़ाया जाता है। वयस्क होने पर भी यदि कोई चंचल ही बना रहे-विचारों की दिशा धारा बनाने और चिंतन पर नियंत्रण स्थापित करने में सफल न हो सके, तो समझना चाहिए कि आयु बढ़ जाने पर भी उसका मानसिक स्तर बालकों जैसा ही बना हुआ है। कहने की जरूरत नहीं कि ऐसे लोगों का भविष्य उत्साहवर्धक नहीं हो सकता। आत्मिक प्रगति के लिए तो एकाग्रता की और भी अधिक उपयोगिता है। इसलिए मेडीटेशन के नाम पर उसका अभ्यास विविध प्रयोगों द्वारा कराया जाता है। इस अभ्यास के लिए कोलाहलरहित ऐसे स्थान की आवश्यकता समझी जाती है, जहां विक्षेपकारी आवागमन या कोलाहल न होता हो। एकान्त का तात्पर्य जनशून्य स्थान नहीं, वरन् विक्षेपरहित वातावरण है। सामूहिकता हर क्षेत्र में उपयोगी मानी गई है। प्रार्थनाएं सामूहिक ही होती हैं। उपासना भी सामूहिक हो, तो उसमें हानि नहीं लाभ ही है। मस्जिदों में नमाज, गिरिजाघरों में प्रेयर, मन्दिरों में आरती सामूहिक रूप से ही करने का रिवाज है। इसमें न तो एकांत की कमी अखरती है और न एकाग्रता में कोई बाधा ही पड़ती है।




## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आपके वर्चस्व तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। |
| वृषभ | जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। |
| मिथुन | प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। आर्थिक लाभ होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। |
| कर्क | पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समाचार मिलेगा। रोजी रोजगार के प्रयास सफल होंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। |
| सिंह | व्यावसायिक योजना सफल होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वाणी की सौम्यता से रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे। |
| कन्या | जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। |
| तुला | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। |
| वृश्चिक | आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। व्यावसायिक दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। विरोधियों का पराभव होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है। |
| धनु | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। |
| मकर | राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। व्यावसायिक व पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। आर्थिक संकट से गुजरना होगा। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलायेगी। |
| कुम्भ | बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। टकराव की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धन आगमन होगा। कुटुम्बजनों का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। |
| मीन | कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। |

# चुनौतियाँ देती हैं आनन्द

- डॉ. दीपक आचार्य

विषमताएं, समस्याएं और विपदाएं प्रत्येक जीव के साथ जुड़ा हुआ वो शाश्वत सत्य है जिसे कभी अस्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार सुख, शांति और आनंद का सुकून भी शाश्वत है लेकिन इसके बारे में हम गंभीर इसलिए नहीं होते क्योंकि इनका भोग करना हमारे दिल को भाता है और शरीर को भी सुख मिलता है। मस्तिष्क भी निर्द्वन्द्व बना रहता है। यही कारण है कि सुखावस्था का पूरा कालखण्ड कैसे बीत जाता है पता ही नहीं चलता। इसके विपरीत दुःखों और अनहोनी अवस्थाओं में हमारा जीवनयापन इसलिए भारी अनुभवित होता है क्योंकि एक तो विपदाओं और समस्याओं के बीच रहकर जीवनयापन का हमारा अभ्यास नहीं होता, दूसरा हम राई जैसे दुःखों और जीरे जैसी विषम परिस्थितियों को पहाड़ की तरह मान बैठते हैं। हर दुःख को उसकी मूल अवस्था के मुकाबले कई गुना अधिक परिभाषित और मूल्यांकित कर उसी का चिन्तन करते रहते हैं और यही चिन्तन जब हमारी स्वाभाविक आनंद अवस्था के ग्राफ से अधिक हो जाता है तब हमें हर पल बोझिल होने लगता है। यही कारण है कि सुख का समय बीत जाने का पता ही नहीं चलता लेकिन किसी भी प्रकार की अनहोनी का समय बहुत भारी लगता है और एक-एक दिन काटना बड़ा मुश्किल लगता है। जीवन के विभिन्न पड़ावों से गुजरते हुए जो कुछ भी अनहोनी अपने साथ होती है वह न विषमता होती है, न कोई समस्या या पीड़ा। न यह कोई बड़ा भारी दुःख है। यह सब कुछ इंसान के भीतर समत्व को जगाने, उसे तपाकर निखारने तथा भावी सुख के चरम आनंद को पाने के लिए तैयार करने के लिए ही आते हैं। दुनिया में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं होता जिसके जीवन में हमेशा दुःख ही दुःख हों अथवा केवल सुख ही सुख हों। यह क्रमिक परिवर्तन की वह प्रक्रिया है जो हर किसी के साथ लगी रहती है, कोई इससे बच नहीं पाता। हाँ यह जरूर है कि अपनी मानसिकता बदल लेने पर सुखों के दिनों में अहंकार से बचा जा सकता है और दुःखों की स्थिति में विषाद या खिन्नता से। यही वह समत्व भाव है जो बरसों के अभ्यास से प्राप्त होता है। एक बार समत्व भाव का जागरण हो जाए तो फिर यह मृत्यु पर्यन्त बना रहकर चरम आनंद की उपलब्धि कराता रहता है। सुख और दुःख समय साध्य हैं और अपने नियत समय पर आते-जाते रहते हैं। जब सुख आए तब परम प्रसन्नता के साथ सभी के साथ मिलकर आनंद पाएं और जब कभी लगे कि दुःख आया है तब कछुए की तरह अपने आपको सिमटा कर एकान्तिक साधना या त्याग-तपस्या का मार्ग अपनाते हुए उसके गुजरने की प्रतीक्षा करें अथवा अपने आपको किसी ऐसे कामों में लगा दें जो हमारी पसंद के हों। यह भी नहीं कर सकें तो इस अवस्था में अपने पुराने सुकून भरे दिनों की याद ताजा करें, उस समय के छायाचित्रों या डायरियों का अवलोकन करें, पुराने मित्रों से बातचीत करते रहें। इससे भी अधिक तरकीब यह भी है कि जब कभी कोई बात चुभ जाए, कोई घटना या दुर्घटना बुरी लगने लगे और मन खिन्न हो जाए तब अपने वर्तमान स्थल से कम से कम पाँच सौ किलोमीटर से अधिक दूरी के किसी दूसरे स्थान पर कुछ दिन के लिए चले जाएं। क्योंकि दुःख समय सापेक्ष होने के साथ-साथ स्थान सापेक्ष भी होता है और जब स्थान परिवर्तन हो जाता है तब दुःखों का घनत्व अत्यन्त न्यून हो जाता है और उस स्तर तक नीचे आ जाता है जहाँ दुःख का कोई न कोई कतरा अपना वजूद जरूर रखता है लेकिन अपना कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाता। यह सामान्य व्यक्तियों के लिए अच्छा मार्ग है। इससे भी अधिक श्रेष्ठ मार्ग यह है कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हमारे सामने हो, यह तय मान कर चलें कि संसार भर में जो कुछ विषमताएं और अनहोनी अवस्थाएं विद्यमान हैं, उनसे निपटने और विजय पाने के सारे सामर्थ्य के साथ ही हर इंसान पैदा हुआ है। भगवान ने इंसान को ऐसे ही साँचे में ढालकर बौद्धिक, शारीरिक तथा अतीन्द्रिय क्षमताओं के साथ पैदा किया है कि वह दुनिया की हर समस्या को अपने पराक्रम से रौंद पाने की स्थिति में है। दुनिया की कोई समस्या ऐसी नहीं है जो इंसान के सामने ठहर पाए। यह अलग बात है कि हम अपने भीतर समाहित ऊर्जा और अपरिमित शक्तियों से अनजान रहते हैं। इसका एक कारण यह भी है हमें अपनी शक्तियों के बारे में कभी परिचित भी नहीं कराया गया है जैसा कि पुरानी पीढ़ी पहले करती आयी थी। अब तो इंसान की जिन्दगी पैदा होते ही बचपन तक भूल गई है, नौकरी और काम-धंधों की टकसाल से पैसा बनाना, जमीन-जायदाद अपने नाम करना और अपने ही अपने लिए जीने से लेकर बीमारू अवस्था में मर जाने के सिवा कुछ रह ही नहीं गया है। एक आम इंसान की जिन्दगी में इससे अधिक कुछ नहीं हो पा रहा है। और इसी को देखकर हम सारे के सारे लोग अपने भीतर समाहित शक्तियों और ऊर्जाओं को भुला चुके हैं। हमने अपने आपको इतना छोटा और हीन मान लिया है कि हम इससे आगे और कुछ कर ही नहीं सकते। यही कारण है कि छोटी सी जिन्दगी में हम सामान्येतर कुछ नहीं कर पा रहे हैं और थोड़े से दुःख, समस्याएं और विषमताएं सामने आ जाने पर घबरा जाते हैं, घोर पलायन की मानसिकता अपना लिया करते हैं। इन सभी प्रकार की परिस्थितियों में अपने वजूद को कायम रखने और समस्याओं पर विजय पाने का एक ही मूल मंत्र कारगर है। और वह है - हर समस्या और अनचाही स्थिति को चुनौती के रूप में प्रेमपूर्वक स्वीकार करते हुए संघर्ष का माद्दा पैदा कर इन पर एक-एक कर विजय पाना। यह निश्चित मानकर चलें कि भगवान ने इन्हीं चुनौतियों के खात्मे के लिए हमें धरती पर भेजा है। बड़ी चुनौतियों को खत्म करना इंसान के बस में नहीं होता, इसीलिए भगवान अवतार लेकर धरती पर आता है लेकिन छोटी-छोटी चुनौतियों को खत्म करने और समस्याओं का उन्मूलन करने के लिए भगवान अपने प्रतिनिधि के रूप में इंसान को धरती पर पैदा करता है। और उसे सभी तरह की शक्तियों से समर्थ बनाकर ही भेजता है। लेकिन हम हैं कि मामूली प्रतिकूलताओं में घबरा जाते हैं और हार मान लिया करते हैं। दुनिया की कोई सी समस्या हो, हर चुनौती को प्रेम के साथ यह मानकर स्वीकारें कि इनके खात्मे के लिए ही भगवान ने हमें पैदा किया है। जो समस्या या संघर्ष हमारे जीवन के लिए तय होता है वह आएगा ही, आज हम उसे धकेल देंगे तो कल फिर सामने आएगा। एक न एक दिन इससे संघर्ष के लिए भिड़ना ही पड़ेगा। क्यों न हम आज ही इन चुनौतियों से भिड़ना आरंभ कर दें।

इसके साथ ही हर चुनौती को मनोरंजन के रूप में लें और पूरी मस्ती के साथ इनका खात्मा करें ताकि ऊपर जाने के बाद भगवान के घर भी हमारी तारीफ हो और ईश्वर को भी इस बात का सुकून मिले कि उसके अंश या प्रतिनिधि ने अपने जन्म को बखूबी सार्थक किया है, दूसरे लोगों की तरह दुःखी होकर पीठ नहीं दिखायी है।

# निर्मला सीतारमण ने कहा, फेसलेस जांच से करदाताओं की शिकायतों का बोझ कम होगा- निष्पक्षता बढ़ेगी



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि 'फेसलेस' मूल्यांकन और अपील से करदाताओं की शिकायतों का बोझ कम करने और कर प्रणाली में निष्पक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर व्यवस्था को और बेहतर बनाने के इरादे से बृहस्पतिवार को 'पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान' मंच की शुरूआत की। इसे कर सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने करदाताओं के लिये चार्टर (अधिकार पत्र) का भी ऐलान किया। कर मामलों में बिना आमना सामना के अपील (फेसलेस अपील) की सुविधा 25 सितंबर यानी दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिन से पूरे देशभर में नागरिकों के लिए उपलब्ध होगी। सीतारमण ने कहा आज कर प्रशासन के इतिहास में एक बेहद महत्वपूर्ण दिन है। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि प्रधानमंत्री मोदी का इरादा करदाताओं को सशक्त बनाने, एक पारदर्शी प्रणाली तैयार करने और ईमानदार करदाताओं के सम्मान करने का है। वित्त मंत्री ने कहा इस मकसद को साकार करने के लिए सीबीडीटी ने एक मसौदा तैयार किया है और इस मंच के रूप में एक नई प्रणाली को लागू किया गया है, जिसके जरिए कर प्रशासन को पारदर्शी, कुशल और जवाबदेह बनाया गया है। यह मंच तकनीक, डेटा एनालिटिक्स और कृत्रिम मेघा का इस्तेमाल भी करता है। उन्होंने कहा कि यह मंच करदाताओं की शिकायतों के बोझ को कम करता है और कामकाज को आसान बनाता है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने कई सुधार किए हैं, जिसमें मौजूदा विनिर्माण इकाइयों के लिए कॉरपोरेट कर की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत करना शामिल है। करदाताओं को विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं और रियायतों के बारे में आयकर विभाग ने ट्वीट कर जानकारी भी दी है।



## कोरोना की वजह से बिगड़ा रसोई का बजट, जुलाई में खुदरा महंगाई बढ़कर हुई 6.93 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी का असर आम जनजीवन के अलावा रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर भी पड़ा है। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़कर 6.93 प्रतिशत हो गई। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने से महंगाई दर बढ़ी है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार इससे पहले जून महीने में मुद्रास्फीति 6.23 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आंकड़े के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जुलाई महीने में 9.62 प्रतिशत रही। जबकि इससे पूर्व माह जून में यह 8.72 प्रतिशत थी। यह लगातार दूसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर रही है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ 4 प्रतिशत के स्तर पर रखने की जिम्मेदारी दी है। रिजर्व बैंक द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही गौर करता है।

## देश में होंडा अमेज की बिक्री का आंकड़ा चार लाख के पार



**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) की कॉम्पैक्ट सेडान अमेज की घरेलू बाजार में बिक्री का आंकड़ा चार लाख इकाई को पार कर गया है। जापान की वाहन कंपनी ने 2013 में यह मॉडल भारतीय बाजार में उतारा था। अब इस मॉडल का दूसरा संस्करण उतारा गया गया है। एचसीआईएल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं निदेशक (बिक्री एवं विपणन) राजेश गोयल ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा होंडा अमेज एचसीआईएल के लिए एक सफल मॉडल है। यह हमारे कारोबार का प्रमुख स्तंभ है। अपने उपभोक्ताओं के प्यार और डीलर भागीदारों के सहयोग की वजह से हम यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं। गोयल ने कहा कि यह सेडान उपभोक्ताओं की उम्मीदों को पूरा करती है। इस उपलब्धि से पता चलता है कि हम भारतीय ग्राहकों के साथ सही तालमेल बैठा पाए हैं।

## कोविड-19 टीके के उत्पादन के लिए साथ आए बीई और जानसेन फार्मास्युटिका

**हैदराबाद।** बायोलॉजिकल ई लिमिटेड ने कोविड-19 के टीके के उत्पादन के लिये जानसेन फार्मास्युटिका एनवी के साथ गठजोड़ किया है। जानसेन फार्मास्युटिका एनवी दवा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन की इकाई है।जॉनसन एंड जॉनसन का संभावित कोविड-19 टीका क्लीनिक परीक्षण के पहले-दूसरे चरण में है। बायोलॉजिकल ई लिमिटेड की प्रबंध निदेशक (एमडी) महिमा दातला ने एक बयान में कहा, 'हम जॉनसन एंड जॉनसन जैसे संगठन के साथ गठजोड़ करके वास्तव में बहुत प्रसन्न हैं। कोविड-19 महामारी की स्थिति को देखते हुए हमारी क्षमता का इस्तेमाल टीके के पर्याप्त मात्रा में उत्पादन व वैश्विक आपूर्ति में किया जायेगा।'

## हाजिर मांग के कारण निकेल वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली।** हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की मांग बढ़ने के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को निकेल की कीमत 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,078.80 रुपये प्रति किग्रा हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में निकेल के अगस्त महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 1.30 रुपये अथवा 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,078.80 रुपये प्रति किग्रा हो गयी जिसमें 1,811लॉट के लिए कारोबार हुआ। लॉट के लिए कारोबार हुआ। लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में एलॉय निर्माताओं की बढ़ती मांग के कारण मुख्यतः निकेल वायदा कीमतों में तेजी आई।

## कोविड-19: जुलाई में 38 प्रतिशत गिरा रत्न-आभूषणों का निर्यात, जानें वजह

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के चलते घटी वैश्विक मांग के कारण जुलाई महीने में देश से रत्नों और आभूषणों का निर्यात 38.10 प्रतिशत कम होकर 1.35 अरब डॉलर (लगभग 10,185 करोड़ रुपये) पर आ गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने इसकी जानकारी दी। साल भर पहले जुलाई में यह निर्यात 2.2 अरब डॉलर यानी लगभग 15,112 करोड़ रुपये था। देश के कुल निर्यात में इस क्षेत्र का योगदान लगभग 15 प्रतिशत है। जीजेईपीसी के अध्यक्ष कोलिन शाह ने हाल ही में कहा था कि निर्यात में लगातार गिरावट आयी है क्योंकि वैश्विक आर्थिक मंदी और कई देशों में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिये लगी पाबंदियों से मांग में कमी आयी है। इस वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान निर्यात 50.36 प्रतिशत घटकर 4.11 अरब डॉलर पर गया, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 8.27 अरब डॉलर था। निर्यात में गिरावट मुख्य रूप से सोने के आभूषण और रंगीन रत्नों के निर्यात में कमी आने के कारण है। आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 के पहले चार महीनों के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात 73.62 प्रतिशत घटकर 49.49 करोड़ डॉलर रहा।

## कोरोना महामारी के मद्देनजर यामाहा ने भारत में शुरू की ऑनलाइन बिक्री




**नई दिल्ली** जापान की दोपहिया वाहन विनिर्माता यामाहा ने कहा कि उसने कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर ग्राहकों के व्यवहार में आए बदलाव को देखते हुए भारत में ऑनलाइन बिक्री के लिए मंच की शुरुआत की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस समय ग्राहक घर में रहना पसंद कर रहे हैं और शोरूम तक कम से कम आना चाहते हैं। यामाहा मोटर्स इंडिया ने कहा कि ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने भारत में 'वर्चुअल स्टोर' के साथ अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन बिक्री शुरू की है। यामाहा मोटर इंडिया समूह के अध्यक्ष मोटोफुमी शितारा ने कहा, 'डिजिटल का भविष्य है, और वर्चुअल स्टोर के साथ हमारी नई वेबसाइट भारत में दोपहिया ग्राहकों को सेवाएं देने के लिए तैयार है।' उन्होंने कहा कि कंपनी सुरक्षित, विश्वसनीय और आकर्षक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए यामाहा के खुदरा परिचालन का डिजिटलीकरण कर रही है।

## अधिकारियों, करदाताओं के कर्तव्यों, अधिकारों को स्पष्ट करता है चार्टर

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कर सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बृहस्पतिवार को करदाता चार्टर लागू करने की घोषणा की। यह कर विभाग के अधिकारियों के कर्तव्यों के साथ करदाताओं के अधिकारों को स्पष्ट करता है। कर विभाग जब तक कुछ गलत साबित नहीं हो, प्रत्येक करदाता के साथ ईमानदार करदाता के रूप में व्यवहार करेगा और उन्हें निष्पक्ष, विनम्र तथा उपयुक्त सेवाएं उपलब्ध कराएगा। बृहस्पतिवार को घोषित करदाता चार्टर (अधिकार पत्र) में यह व्यवस्था दी गयी है। साथ ही चार्टर में यह भी अपेक्षा की गयी है कि करदाता समय पर कर का भुगतान करेंगे, ईमानदार रहेंगे और नियमों का अनुपालन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर व्यवस्था में सुधारों को आगे बढ़ाते हुए 'पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान' मंच की शुरूआत की। इसके तहत करदाताओं और अधिकारियों के बीच पहचान रहित (फेसलेस) आकलन और करदाता चार्टर की शुरूआत की गयी है। इसमें फेसलेस अपील करने की भी घोषणा की गयी है जो 25 सितंबर से लागू होगी। करदाता चार्टर कर विभाग की प्रतिबद्धता और करदाताओं से अपेक्षाओं को परिभाषित करता है। कर अधिकारी अब 14 सूत्री चार्टर को लेकर प्रतिबद्ध होंगे जिसमें कानून के अनुसार केवल बकाया राशि (कर) का संग्रह शामिल है। वहीं करदाताओं को भी अपनी तरफ से जिम्मेदारी निभानी होगी और उन्हें ईमाानदारी और नियमों के अनुपालन समेत आयकर विभाग के छह सूत्री अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2020-21 के बजट में घोषणा की थी कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) करदाता चार्टर लाएगा। यह करदाताओं और कर विभाग के बीच भरोसा सुनिश्चित करेगा और विभिन्न प्रकार की परेशानियों को दूर करेगा। साथ ही विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाएगा। चार्टर में कहा गया है कि आयकर विभाग अपने अधिकारियों को उनके कार्यों के लिये जवाबदेह बनाएगा। विभाग करदाताओं को निष्पक्ष, विनम्र, तत्काल और यथोचित व्यवहार के साथ-साथ पेशेवर सहायता उपलब्ध कराएगा। इसके अनुसार अधिकारी के पास जब तक गड़बड़ी होने का कोई ठोस आधार नहीं हो, करदाताओं के साथ ईमानदार करदाता के रूप में व्यवहार करेंगे। चार्टर, कर अधिकारियों को करदाताओं के बारे में सूचना का खुलासा करने से रोकता है और उनके निजता के सम्मान पर जोर देता है। हालांकि, कानून के तहत जरूरी होने पर कर अधिकारी करदाता के बारे में जानकारी दे सकते हैं। इसके अनुसार, ''विभाग कानून के तहत निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करेंगे और जांच तथा कार्रवाई को लेकर अनुचित हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

## उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू बोले, बहुप्रतिक्षित कर सुधारों की घोषणा से कर अनुपालन होगा बेहतर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार द्वारा बहुप्रतिक्षित कर सुधारों की घोषणा कर दिये जाने से अब कर कानूनों का अनुपालन और बेहतर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को करदाता और कर अधिकारी के आमने सामने आये बिना, जाने पहचाने बिना कर रिटर्न का आकलन किये जाने (फेसलैस एसेसमेंट) और करदाता चार्टर सहित कई कर सुधारों की घोषणा की है। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया खुश हूं कि सरकार ने पारदर्शिता को बढ़ावा देने और ईमानदार करदाता को पुरस्कृत करने के लिये लंबे समय से प्रतिक्षा किये जा रहे कर सुधारों की घोषणा कर दी। समय की जरूरत है कि कर प्रणाली को 'कष्टरहित, अड़चन मुक्त और चेहरारहित' बनाया जाये। उन्होंने कहा मुझे यकीन है कि लोगों के अनुकूल इन उपायों के ईमानदारी से क्रियान्वयन से कर कानूनों का और बेहतर अनुपालन होगा। उन्होंने कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया है, समय की जरूरत है कि कर प्रणाली को 'कष्टरहित, अड़चन मुक्त और चेहरारहित' बनाया जाये। उन्होंने कहा मुझे यकीन है कि लोगों के अनुकूल इन उपायों के ईमानदारी से क्रियान्वयन से कर कानूनों का और बेहतर अनुपालन होगा।

# कोविड-19: 167 साल के इतिहास में पहली बार रेलवे ने कमाई से ज्यादा रिफंड दिया



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल के 167 साल के इतिहास में यह शायद पहली बार हुआ होगा जब उसने टिकट बुकिंग से हुई आय से अधिक यात्रियों को वापस किया है। कोविड-19 संकट से प्रभावित चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में रेलवे की यात्री श्रेणी से आय में 1,066 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। यह जानकारी मध्यप्रदेश के चंद्रशेखर गौर द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मांगी गयी जानकारी में सामने आयी है। इसके मुताबिक अप्रैल-जून अवधि में रेलवे की यात्री श्रेणी से होने वाली आय जहां नकारात्मक रही। वहीं मालभाड़े से होने वाली आय अपने स्तर पर बनी रही। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते लगे यात्रा प्रतिबंधों की वजह से चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में रेलवे की सामान्य यात्री रेलगाड़ियों का परिचालन बंद रहा। इस दौरान रेलवे के यात्रियों को टिकट किराया वापस करने से अप्रैल में 531.12 करोड़ रुपये, मई में 145.24 करोड़ रुपये और जून में 390.6 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। रेलवे के प्रवक्ता डी.जे. नारायण ने कहा कि दरअसल यह नुकसान की राशि रेलवे के अपनी आय से ज्यादा लोगों को रिफंड करने के आंकड़े दिखाती है।

पिछले साल रेलवे ने अप्रैल में 4,345 करोड़ रुपये, मई में 4,463 करोड़ रुपये और जून में 4,589 करोड़ रुपये की कमाई की थी। रेलवे ने कहा कि महामारी के चलते चालू वित्त वर्ष में रेलवे को करीब 40,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। हालांकि इस दौरान उसकी मालभाड़े से आय बनी रही। रेलवे ने मालभाड़े से अप्रैल में 5,744 करोड़ रुपये, मई में 7,289 करोड़ रुपये और जून में 8,706 करोड़ रुपये की आय की। वित्त वर्ष 2019-20 में रेलवे ने इस मद से अप्रैल में 9,331 करोड़ रुपये, मई में 10,032 करोड़ रुपये और जून में 9,702 करोड़ रुपये की आय की थी। रेलवे ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों को उनके गृहराज्य पहुंचाने के लिए रेलवे ने 'श्रमिक स्पेशल' ट्रेनों का परिचालन किया। इससे भी रेलवे को करीब 2,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## भारत में टिकटॉक को वापस ला सकती है रिलायंस! कारोबार खरीदने पर विचार कर रहे मुकेश अंबानी

**बिजनेस डेस्क।** युवाओं में बेहद लोकप्रिय सोशल नेटवर्किंग ऐप टिकटॉक की भारत में वापसी होने की तैयारी हो रही है। सबसे देश के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी इसे खरीदने पर विचार कर रहे हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच बातचीत जारी है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइटडांस और मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बीच बातचीत बेहद शुरुआती दौर में है। दोनों कंपनियां अभी किसी भी सौदे पर नहीं पहुंची हैं। खबर यह भी है कि टिकटॉक के सीईओ केविन मेयर ने रिलायंस के टॉप अधिकारियों से मुलाकात की है। हालांकि इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि गलवान घाटी में 20 भारतीय जवानों की शहादत के बाद भारत सरकार ने टिकटॉक समेत 59 चाइनीज ऐप को बैन कर दिया था। भारत में टिकटॉक के बैन होने के बाद से इस ऐप की स्थिति काफी बिगड़ती नजर आ रही है। हालत यह हो गए है कि कई और देश भी इस पर बैन लगाने पर विचार कर रहे हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने डीसीबी से कहा, डीआईएएल के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई न करे




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड (डीसीबी) को निर्देश दिया कि आईजीआई हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली डीआईएएल पर 2,600 करोड़ रुपये के संपत्ति कर मामले में कोई कठोर कार्रवाई न करे। प्राधिकरण के मुताबिक यह राशि 2016 से 2019 के लिए बकाया है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने यह निर्देश जारी किया। इससे पहले डीसीबी ने संपत्ति कर की मांग को चुनौती देने वाली डीआईएएल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा था। अदालत ने कहा कि केंद्र और डीसीबी, दोनों को अपना जवाब दाखिल करना है और दोनों इसके लिए अधिक समय मांग रहे हैं। अदालत ने कहा कि केंद्र और डीसीबी ने जवाब देने के लिए अधिक समय मांगा है और ऐसे में अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता (डीआईएएल) के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई न की जाए। मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी। इससे पहले 22 जुलाई को न्यायालय ने डीआईएएल की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। डीआईएएल ने याचिका में कहा है कि जिस जमीन पर आईजीआई स्थित है, वह कैंटोनमेंट बोर्ड की नहीं है और इसलिए यह डीसीबी के अधिकार क्षेत्र में नहीं आती है। याचिका में डीसीबी द्वारा पहले संपत्ति कर के तहत मांगी गई विभिन्न राशियों से जुड़े पत्रों को भी खारिज करने की मांग की गई।याचिका के मुताबिक, हवाई अड्डे की जमीन का एक हिस्सा दक्षिण दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आता है, जिसके लिए डीआईएएल नगर निकाय को संपत्ति कर का भुगतान करता है, जबकि शेष हिस्से के लिए डीसीबी संपत्ति कर की मांग कर रहा है।

## वोडाफोन इंडिया फाउंडेशन ने डिजिटल साक्षरता के लिये शुरू किया पोर्टल




**नई दिल्ली।** वोडाफोन इंडिया फाउंडेशन ने हाशिये पर स्थित समुदायों को डिजिटल साक्षर व आत्मनिर्भर बनाने में मदद के लिये बुधवार को एक पोर्टल की शुरुआत की। वोडाफोन इंडिया फाउंडेशन दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी वोडाफोन आइडिया की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) इकाई है। कंपनी ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से 'डिजिसाक्षर डॉट ओआरजी' पोर्टल की शुरुआत की। इस पोर्टल को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं व्यवसाय परामर्श प्रदाता सीजीआई तथा नासकॉम फाउंडेशन के साथ मिलकर तैयार किया गया है। वोडाफोन इंडिया फाउंडेशन ने कहा कि स्वयं से सीखने में मदद करने वाला यह पोर्टल समुदायों को डिजिटल साक्षरता प्रदान करने के साथ ही उन्हें रोजगार व उद्यमशीलता के बेहतर अवसर भी मुहैया कराता है।

इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। निः शुल्क सेवा देने वाले इस पोर्टल पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों में 40 से अधिक पाठ्यक्रम दिये गये हैं। इन पाठ्यक्रमों को सभी उम्र समूहों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इन पाठ्यक्रमों में कंप्यूटर संचालन की मूल बातें, मोबाइल फोन चलाने, इंटरनेट का सुरक्षित रूप से उपयोग करने, डिजिटल भुगतान, नौकरी और आजीविका के अवसरों को खोजने, आम और सरकारी वेबसाइटों तक पहुंचने समेत कई अन्य पाठ्यक्रम शामिल हैं।

## जांच आकलन के लिए सिर्फ जांच शाखा, टीडीएस निदेशालय ही सर्वे कर सकेंगे: सीबीडीटी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा है कि बृहस्पतिवार से सिर्फ जांच शाखा और स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) निदेशालय ही जांच-पड़ताल के लिए जानकारी जुटाने के वास्ते आयकर सर्वेक्षण करेंगे। सीबीडीटी ने एक आदेश में कहा कि 13 अगस्त 2020 से जांच, सर्वेक्षण की कार्रवाई की मंजूरी देने के लिये केवल आयकर महानिदेशालय (जांच) के अधिकारी और आयकर प्रधान आयुक्त या आयकर (टीडीएस) के मुख्य आयुक्त ही सक्षम प्राधिकरण होंगे। सीबीडीटी ने कहा ये सर्वेक्षण जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ किए जाने चाहिए। बोर्ड ने कहा है कि पहचान रहित आकलन शुरू होने के साथ ही विभाग करदाताओं के साथ कम से कम आमना-सामना होने की तरफ बढ़ रहा है। नांगिया एंडरसन एलएलपी के पार्टनर अरविंद श्रीवत्सन ने कहा कि पिछली व्यवस्था में निरीक्षक और उससे ऊपर स्तर के अधिकारी आयकर के संयुक्त आयुक्त की पूर्व मंजूरी से ऐसे सर्वेक्षण कर सकते थे। उन्होंने कहा कि अब उच्च स्तर के अधिकारियों से इसके लिए मंजूरी लेनी होगी और ऐसे में भरोसेमंद सबूत होने पर ही मंजूरी मिलेगी। श्रीवत्सन ने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार चाहती है कि सिर्फ उचित मामले ही इस तरह की कार्रवाई के लिए दिए जाएं। आयकर सर्वेक्षण के तहत कर अधिकारी, करदाता के व्यावसायिक परिसरों का दौरा करने के उसके बहीखातों की जांच, इलेक्ट्रॉनिक रूप से संग्रहीत डेटा और ईमेल से जुड़ी जानकारी जुटाते हैं। एकेएम ग्लोबल टैक्स के पार्टनर अमित माहेश्वरी ने कहा कि इस फैसले से सर्वेक्षण के दौरान जवाबदेही बढ़ेगी।




## भारतीयों के लिए फिर खुले अमेरिका के दरवाजे, ट्रंप ने एच-1बी वीजा नियमों में दी छूट

**नेशनल डेस्क।** अमेरिका में नौकरी कर रहे एच-1बी वीजा धारकों के लिए राहत की खबर सामने आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा के नियमों में छूट दे दी है। यानी कि जिन लोगों के पास एच-1बी वीजा है उन्हें सशर्त पर अमेरिका आने की इजाजत हैं। इससे सैकड़ों भारतीयों को फायदा मिल सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ऐलान किया कि यदि एच-1बी वीजा धारक उसी कंपनी के साथ अपनी नौकरी को आगे बढ़ाने के लिए वापस आना चाहते हैं, जिसके साथ वह प्रतिबंधों की घोषणा से पूर्व जुड़े थे तो उन्हें वापसी की अनुमति होगी। ऐसे धारकों के साथ उनके आश्रितों (जीवनसाथी और बच्चों) को भी अमेरिका की यात्रा की अनुमति दी जाएगी। अमेरिका के राज्य विभाग ने कहा कि जो भी आवेदक अमेरिका में पहले की अपनी कंपनी में नौकरी के लिए उसी पद के लिए अपील करेंगे, तो इससे उन्हें फायदा मिल सकता है। अगर कोई एच-1बी वीजा धारक वापस पाबंदी लगने से पहले अपनी पुरानी नौकरी पर अमेरिका में लौटता है तो उसे वहां आने की इजाजत होगी। वीजा धारक की पत्नी और बच्चों को भी प्राइमरी वीजा के साथ अमेरिका में आने की इजाजत होगी। इसके साथ ही टेक्निकल स्पेशलिस्ट, सीनियर लेवल मैनेजर और उन लोगों को भी अमेरिका आने की इजाजत दी है जिनकी वजह से अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। ट्रंप प्रशासन ने उन वीजा धारकों को भी यात्रा की अनुमति दी है, जो कोविड-महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए पब्लिक हेल्थ या हेल्थकेयर प्रोफेशनल और शोधकर्ता के तौर पर काम कर रहे हैं। अमेरिका के इस फैसले का खासकर उन लोगों को इससे फायदा मिलेगा, जो वीजा प्रतिबंध की वजह से नौकरी छोड़कर गए थे। बता दें कि ट्रंप सरकार ने कुछ दिन पहले ही एच-1बी वीजा निलंबित करने का ऐलान किया था। ट्रंप ने इस साल के अंत तक के लिए एच-1बी वीजा सस्पेंड करने के फैसले को कोरोना संकट में अपनी नौकरी गंवा चुके अमेरिकी श्रमिकों के हित में उठाया गया कदम बताया था।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## खेल मंत्री रीजीजू शुक्रवार को 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' लांच करेंगे

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्री किरेन रीजीजू शुक्रवार पूरे देश की सबसे बड़ी 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' लांच करेंगे जो 15 अगस्त से दो अक्टूबर तक चलेगी। कोविड-19 महामारी के हालात और सामाजिक दूरी के नियमों को देखते हुए सरकार ने प्रतिभागियों को इन निश्चित तारीखों के बीच उनकी सुविधा अनुसार कहीं भी, किसी भी समय पर भागने के लिये प्रेरित करने का फैसला किया। मंत्रालय के बयान के अनुसार प्रतिभागियों के पास इस दौरान कई दिन तक अपनी दौड़ को ब्रेक करने का भी विकल्प होगा और उनके द्वारा तय की गयी कुल दूरी 'ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम' (जीपीएस) वॉच द्वारा या फिर खुद देखी जा सकती है। रीजीजू ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये 'फिट इंडिया' अभियान को मजबूत करने और नागरिकों को जीवन जीने के लिये फिटनेस को शामिल करने की ओर 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' हमारी ओर से एक और प्रयास है।'' उन्होंने कहा, ''यह इस समय और भी अहम इसलिये है क्योंकि मजबूत प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये फिट रहना जरूरी है।'' फिट इंडिया की वेबसाइट पर पंजीकरण कराया जा सकता है।

क्रिकेट

# तीन बार विश्व विजेता टीम का हिस्सा रही महिला क्रिकेटर ने लिया संन्यास, कहा- यह सही समय है





**लंदन।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर लाउरा मार्श ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। मार्श ने ट्विटर पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए लिखा, 'मैंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। इस वर्ष 'द हंड्रेड प्रतियोगिता के रद होने के बाद मुझे लगता है कि संन्यास लेने का यह सही समय है। मैं उन सभी टीमों और संगठनों को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिनका मैंने वर्षों प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने आगे लिखा, 'केंट और ससेक्स ने मुझे आगे बढ़ने में काफी मदद की जिसकी मैं बहुत आभारी हूं। सरे स्टार्स, सिडनी सिक्सर्स, एनएसडब्ल्यू ब्रेकर्स और ओटागो स्पार्क्स का भी धन्यवाद। हर टीम ने मुझे एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में विकसित करने का मौका दिया और मैं वर्षों से कुछ आजीवन दोस्त और यादें बनाने के लिए भाग्यशाली हूं। मार्श ने पिछले वर्ष के अंत में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से अलविदा कह दिया था, लेकिन अब उन्होंने हर तरह की क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। इसके पीछे मुख्य वजह 'द हंड्रेड क्रिकेट लीग का स्थगित होना है। 33 वर्षीय मार्श ने इंग्लैंड के लिए 9 टेस्ट, 103 एकदिवसीय और 67 टी20 मुकाबले खेले। उन्होंने तीन प्रारूप में कुल मिलाकर 217 विकेट लिए। मार्श ने 2009 और 2017 में इंग्लैंड के साथ आईसीसी महिला विश्वकप जीता और 2009 में आईसीसी टी20 विश्वकप खिताब जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं। टी20 विश्वकप खिताब जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं। उन्होंने 2006 में टेस्ट में अपने करियर की शुरुआत एक तेज गेंदबाज के रूप में की लेकिन बाद में उन्होंने स्पिन गेंदबाजा के रूप में करियर को आगे बढ़ाया।

# आईपीएल 2020 : चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान धोनी का हुआ कोरोना टेस्ट

**स्पोर्ट्स डेस्क।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 का आगाज 19 सितम्बर से यूएई में होगा। ऐसे में आईपीएल टीमों ने यूएई जाने के लिए खिलाड़ियों का टेस्ट करवाना शुरू कर दिया है। इसी के तरह पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का टेस्ट किया गया और अब उनकी रिपोर्ट आ चुकी है। जानकारी के मुताबिक धोनी की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है। धोनी इन दिनों रांची स्थित अपने फार्महाउस में समय बिता रहे हैं और यही पर उनका कोरोना का टेस्ट करने के लिए सैंपल लिया गया था और उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। धोनी की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद अब वह आईपीएल के लिए तैयार हैं और शुक्रवार तक वो चेन्नई सुपर किंग्स टीम से जुड़ सकते हैं। हालांकि यूएई जाने पहले उनका फिर से कोरोना टेस्ट होगा और 2 बार नेगेटिव आने के बाद ही यूएई के लिए रवाना हो सकेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो धोनी इस कैंप में हिस्सा ले सकते हैं और खिलाड़ियों को यूएई की पिचों और वहां की रणनीति के बारे में जानकारी दे सकते हैं। जानकारी के मुताबिक चेन्नई सुपर किंग्स 20-21 को यूएई के लिए रवाना हो सकती है। गौर हो कि आईपीएल को लेकर बीसीसीआई ने सख्त नियम बनाए हैं। प्रत्येक टीम के खिलाड़ी का यूएई जाने से पहले 4 बार टेस्ट होगा जिसमें से दो बार टेस्ट उसको अपने शहर में करवाना होगा। इसके बाद यूएई पहुंचने के बाद भी खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट होगा।



## आईपीएल 13 : अभ्यास में कोई परेशानी ना हो, इसके लिए नेट गेंदबाज लेकर जाएंगी टीमें

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें संस्करण के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजन को भारत सरकार की हरी झंडी मिलने के बाद सभी आठ आईपीएल टीमों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं और टीमें अपने साथ नेट गेंदबाज ले जा रही हैं ताकि यूएई में उन्हें अभ्यास में किसी तरह की परेशानी न हो। आईपीएल ने टीमों को हालांकि अधिकतम 24 खिलाड़ियों ले जाने की अनुमति दी है लेकिन टीमें अपने साथ नेट गेंदबाज ले जा रही हैं क्योंकि उन्हें यूएई में जैव सुरक्षा वातावरण में रहने के कारण स्थानीय खिलाड़ियों का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। कोरोना के कारण टीमों को जैव सुरक्षा वातावरण में रहना होगा जहां वे बाहरी लोगों से कोई संपर्क नहीं रख पाएंगे। आईपीएल को कोरोना के कारण यूएई में 19 सितम्बर से 10 नवम्बर तक कराया जा रहा है। टीमों को 20 अगस्त के बाद यूएई के लिए रवाना होना है। 53 दिन के इस टूर्नामेंट में टीमों को सख्त जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना है और इसका उल्लंघन करने पर खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ को कुछ दिन के लिए आइसोलेशन में रहना पड़ सकता है। इसका उल्लंघन करने पर खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ को कुछ दिन के लिए आइसोलेशन में रहना पड़ सकता है। इसका उल्लंघन करने पर खिलाड़ी या सपोर्ट स्टाफ को कुछ दिन के लिए आइसोलेशन में रहना पड़ सकता है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने साथ आठ-दस नेट गेंदबाज ले जा रही है। ये खिलाड़ी तमिलनाडु के प्रथम श्रेणी क्रिकेटर होंगे। चेन्नई टीम रविवार से चेन्नई में कंडीशनिंग कैम्प लगा रही है और टीम 21 अगस्त को यूएई रवाना होगी।

# हार्दिक पांड्या की पहली सेंचुरी के 3 साल पूरे, इस टीम के खिलाफ लगाए थे 6 छक्के

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने ही के दिन तीन साल पहले खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना पहला शतक दर्ज लगाया था। उन्होंने पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के अंतिम पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने जबरदस्त शुरुआत की थी। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और केएल राहुल ने पहले विकेट के लिए 188 रन जोड़े। धवन ने 119 रनों की पारी खेली जबकि राहुल ने 85 रन बनाए। पहला दिन का खेल खत्म होने पर टीम इंडिया का स्कोर 296/5 रन था। दूसरे दिन हार्दिक पांड्या ने आते ही तेजतर्रार शॉट लगाए और शतक बना लिया। हार्दिक ने अपनी धुआंधार पारी के दौरान आठ चौके और सात छक्के लगाए। भारतीय टीम ने पहली पारी में 487 रन बनाए। खास बात यह रही कि भारतीय टीम ने श्रीलंका को पहली पारी में कुलदीप यादव के चार विकेटों के कारण 135 रनों पर ढेर कर दिया था। इसके बाद भारत ने फॉलोऑन लागू किया लेकिन श्रीलंका के पास इसका जवाब नहीं था। वह दूसरी पारी में 181 रनों पर सिमेट गया। रवि अश्विन ने चार विकेट लिए। इस तरह विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम ने पारी और 171 रनों से मैच जीता। बता दें कि हार्दिक पांड्या जो पीठ की चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर थे, को भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान वापसी करनी थी। 171 रनों से मैच जीता।



बता दें कि हार्दिक पांड्या जो पीठ की चोट के कारण भारतीय टीम से बाहर थे, को भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान वापसी करनी थी। हालांकि, श्रृंखला का पहला मैच बारिश के कारण समाप्त हो गया था, क्योंकि श्रृंखला को कोरोनोवायरस के प्रकोप के बाद अंततः स्थगित कर दिया गया था। 26 वर्षीय क्रिकेटर ने 11 टेस्ट, 54 वनडे और 40 टी-20 मैच खेले हैं। वह सभी फॉर्मेट मिलाकर 1,799 रन बना चुके हैं जबकि 109 विकेट भी हासिल कर चुके हैं। क्योंकि श्रृंखला को कोरोनोवायरस के प्रकोप के बाद अंततः स्थगित कर दिया गया था। 26 वर्षीय क्रिकेटर ने 11 टेस्ट, 54 वनडे और 40 टी-20 मैच खेले हैं। वह सभी फॉर्मेट मिलाकर 1,799 रन बना चुके हैं जबकि 109 विकेट भी हासिल कर चुके हैं।

संक्षिप्त समाचार



## बैडमिंटन खिलाड़ी सिक्की रेड्डी और फिजियो किरण को हुआ कोरोना

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चल रहे राष्ट्रीय बैडमिंटन शिविर में भाग लेने पहुंचे भारतीय खिलाड़ी एन सिक्की रेड्डी और फिजियोथेरेपिस्ट किरण सी को कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की विज्ञप्ति के अनुसार, 'सिक्की और किरण दोनों में कोरोना के कोई लक्षण नहीं हैं। दोनों हैदराबाद के ही हैं और अपने घर से ही शिविर में हिस्सा ले रहे थे। दोनों में कोई लक्षण नहीं मिले हैं हालांकि अकादमी को सैनिटाइजेशन के लिये बंद किया गया है। साथ ही सिक्की और किरण दोनों के करीबी संपर्कों का पता कर लिया गया है और उनका दोबारा आरटी पीसीआर परीक्षण किया जा रहा है। साइ ने सभी खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के लिए पहुंचने के बाद कोविड-19 जांच अनिवार्य की हुई है और इसी दौरान दोनों के पॉजिटिव होने का पता चला। हैदराबाद से बात करते हुए मुख्य राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा, ''बैडमिंटन राष्ट्रीय शिविर में सभी एथलीट, कोचों, सहयोगी स्टाफ और प्रशासनिक स्टाफ का साइ द्वारा अनिवार्य कोविड-19 परीक्षण कराया गया था और इसमें शिविर के दो सदस्यों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। उन्होने साथ ही कहा, 'प्रोटोकॉल के अनुसार सभी जरूरी एहतियात बरते गये ताकि खिलाड़ी जल्द से जल्द सुरक्षित रूप से ट्रेनिंग के लिये वापसी कर सकें।

## फिट रहने के लिए कपड़े धोती है टेनिस प्लेयर कैरोलिना वोजनियाकी



**नई दिल्ली।** कैरोलिना वोजनियाकी कोविड-19 के दौरान अपने पति डेविड ली के साथ मजेदार समय बिताने में बिजी है। टेनिस की पूर्व नंबर एक प्लेयर कैरोलिना 30 साल की हो चुकी है। उन्होंने बीते महीने अपनी फैमिली बढ़ाने के लिए टेनिस से दूरी लेने की बात कही थी। अब वह पोर्टोफिनो में दिखी हैं जहां वह पति ली के साथ धूप सेंकती नजर आई। इस दौरान दोनों के कुछ दोस्त भी मौजूद थे। वोज्नियाकी ने बीते दिनों लॉकडाउन में कैसे जिंदगी बीत रही है, विषय पर भी बात की थी। उन्होंने कहा था कि मैं अभी साथी के साथ लॉकडाउन का आनंद ले रही हूं। हम हर दिन खाना बना रहे हैं और मैं बेकिंग भी कर रही हूं। जब मैं यात्रा कर रही होती हूं तो मैं इसे बहुत याद करती हूं। मैं चॉकलेट चिप कुकीज और एक सुंदर सभ्य चॉकलेट केक भी बनाती हूं। इसके अलावा मैं कपड़े भी धोती हूं क्योंकि डिशवॉशर टूट गया है! मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है कि मैं हर दिन थोड़ी कसरत करती रहूं। बता दें कि बीती जून में वोजनियाकी ने अपने प्रशंसकों के लिए बिकिनी फोटोज डाली थी। अब फिर से उन्होंने बिकनी में अपनी बोल्ड तस्वीरें अपलोड कीं। वोजनियाकी के इंस्टाग्राम पर 1.4 मिलियन फैंस हैं जोकि फोटोज देखकर अवाक रह गए। वोजनियाकी अभी भी फिट हैं।

# गुस्साए फुटबॉलर ने भारतीय रेफरी को मारा मुक्का, आंख और चेहरे से निकलने लगा खून



**स्पोर्ट्स डेस्क।** लंदन में स्पोर्टिंग क्लब मुंडाइल और एनडब्लू लंदन फुटबाल क्लब के बीच खेले गए फ्रेंडली मैच में उस समय माहौल बिगड़ गया जब एक फुटबॉलर ने रेफरी सत्यम टोकी के रेड कार्ड दिखाने पर मुक्का मार दिया। इस हमले के बाद रेफरी की आंख और चेहरे से खून निकलने लगा और फिर मैदान में मौदूर दूसरे खिलाड़ियों को रेफरी बचाव के लिए आगे आना पड़ा। सत्यम भारतीय मूल के निवासी हैं और अपनी पत्नी और बेटी और पत्नी के साथ वेस्ट लंदन में रहते हैं। सत्यम ट्रेन कंडक्टर हैं और फुटबॉल क्लब के लिए रेफरी के तौर पर फ्री सेवा देते हैं। सत्यम ने बताया कि गलत शब्दों का इस्तेमाल करने पर मैंने उक्त फुटबॉलर को मैदान से बाहर जाने को कहा। मैदान से बाहर जाते समय खिलाड़ी ने मुझे धमकी देते हुए कहा कि वह उसे मैदान से बाहर देख लेगा। इसके बाद मैंने उसे रेड कार्ड दिखाया। उन्होंने कहा, इस बात से गुस्साए फुटबॉलर ने मुझ पर हमला कर दिया। मेरी एकदम से मेरी आंखों के सामने अंधेरा छा जाता है और मुझे कुछ समय के लिए दिखाना भी बंद हो गया था। खिलाड़ी ने चेहरे चेहरे पर हमला किया था जिससे मेरे मुंह और आंख से खून बहने लगा और मैदान में मौजूद अन्य खिलाड़ियों ने मेरी मदद की और आगे आए। इस घटना के बाद क्लब ने खिलाड़ी की हरकत की निंदा करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है और रेफरी की सहायता करने की बात भी कही है।

इस मामले में फुटबॉल एसोसिएशन से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा, उसने मुझे अपशब्द कहे और मारा भी। पहले मैं चाहता था कि उस पर कार्रवाई ना हो, इससे उसका करियर खराब हो सकता है। लेकिन यदि उसे ऐसे ही माफ कर दिया तो तो कल फिर किसी और रेफरी के साथ भी वह ऐसा ही करेगा।



## आईसीसी महिला टी20 विश्व कप पर रिलीज होगी डाक्यूमेंट्री, दिखाई जाएगी सबसे बड़े टूर्नामेंट की यात्रा

**दुबई।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप पर वृतचित्र 'बियोंड द बाउंड्री शुक्रवार को लोकप्रिय अमेरिकी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग मंच 'नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को जारी किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार इस डाक्यूमेंट्री में दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों के महिला क्रिकेट के सबसे बड़े टूर्नामेंट की यात्रा दिखाई जाएगी। इस डाक्यूमेंट्री में 17 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान टीमों की प्रगति और खिलाड़ियों की भावनायें दिखायी गयी हैं जिसमें वे इस तरह के बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के बारे में चर्चा करती हैं और विभिन्न मैचों में टर्निंग प्वाइंट बयां करती हैं। कमेंटेटरों और प्रशासंको के विचारों के अलावा दर्शकों का जश्न, पर्दे के पीछे और ड्रेसिंग रूम की कुछ फुटेज भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा इसमें पॉप स्टार कैटी पैरी का परफोरमेंस भी है। आईसीसी मुख्य कार्यकारी मनु साहनी ने कहा, 'हमें 'बियोंड द बाउंड्री पर गर्व है और हमें खुशी है कि महिलाओं के खेल को लोकप्रिय बनाने और इसे वैश्विक मंच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में नेटफ्लिक्स हमारा भागीदार है। मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का फाइनल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर खेला गया था जिसे रिकार्ड 86,174 दर्शकों ने देखा था।

## डीआरएस पर हेजलवुड ने खड़े किए सवाल, बोले- सिर्फ एक असफल रिव्यू हो

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का कहना है कि अंपायर के फैसले की समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) में हर टीम के लिए असफल रिव्यू की संख्या घटाकर एक कर देनी चाहिए जिसका टेस्ट क्रिकेट पर अच्छा असर पड़ेगा। इस साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने असफल रिव्यू की संख्या बढ़ाकर तीन प्रति टीम कर दी थी। डीआरएस 2008 में लागू किया गया था। हेजलवुड का मानना है कि एक ही रिव्यू का मौका देने से यह होगा कि पूरी तरह आश्वस्त होने पर ही कोई टीम रिव्यू लेगी। उन्होंने कहा- रिव्यू का खेल पर बेहतर असर भी होना चाहिए। मुझे लगता है कि अगर हर टीम को हर पारी में एक ही मौका दिया जाए तो इसका बिल्कुल अलग तरीके से इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा- इसके साथ ही अंपायर भी अलग तरह से अंपायरिंग करेंगे। हेजलवुड पिछले साल एशेज श्रृंखला में आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे जब एडबस्टन और लार्ड्स टेस्ट में डीआरएस को लेकर काफी बवाल हुआ था।

# 2009 में डेब्यू टेस्ट में ठोका था शतक, 11 साल बाद इंग्लैंड के खिलाफ हुई टीम में वापसी



**स्पोर्ट्स डेस्क।** डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने के बाद फवाद आदम को एक बार फिर टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका मिला है। बाएं हाथ के बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान टीम में जगह मिली और उन्हें शादाब खान की जगह मौका मिला। फवाद ने श्रीलंका के खिलाफ जुलाई 2009 में पाकिस्तान की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद उसे 2 मैचों के लिए हटा दिया गया लेकिन इसके बाद खिलाड़ी को कभी मौका ही नहीं दिया गया। उन्होंने अंतिम मैच 11 साल पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। फवाद के लिए खिलाफ खेला था। फवाद के लिए और भी निराशा की बात यह थी कि वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भारी स्कोर करने के बावजूद टीम में जगह पाने में असफल रहे। उन्होंने 34 शतकों सहित प्रथम श्रेणी के स्तर पर 56 से अधिक की औसत से रन बनाए, लेकिन फिर भी वह टेस्ट में वापसी नहीं कर पाए। उनकी 10 साल और 258 दिन की अनुपस्थिति पाकिस्तानी खिलाड़ी के रूप में दूसरी सबसे लम्बी अनुपस्थिति है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के जॉन ट्रैकोस ने सबसे ज्यादा इंतजार किया था जिन्हें 22 साल 222 दिन के बाद भारत के खिलाफ खेलने का मौका मिला था।

फवाद की टेस्ट में वापसी के बाद उनके फैंस काफी खुश हैं और ट्विटर पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। इस दौरान जहां कुछ लोगों ने उनकी दृढ़ता के लिए उनकी प्रशंसा की, कुछ ने उन चीजों की ओर इशारा किया जो उनके आखिरी टेस्ट मैच और उनके नवीनतम मैच के बाद चीजें बदल गई हैं।

## 2007 टी20 विश्व कप पर पठान का बड़ा बयान, पाकिस्तान को नियमों के बारे में नहीं पता था

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा है कि 2007 में खेले गए पहले टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान बॉल-आउट के नियमों से परिचित नहीं था जबकि भारत ने इसके लिए तैयारी कर रखी थी। पूर्व तेज गेंदबाज पठान ने स्टॉर स्पोटर्स के एक कार्यक्रम में टी-20 विश्वकप 2007 की यादों को साझा करते हुए कहा, 'पाकिस्तान के कप्तान ने एक संवाददाता सम्मेलन में स्वीकारा था कि उन्हें बॉल-आउट के बारे में पता नहीं था। बॉल-आउट के दौरान वे निश्चिंत नहीं थे कि उनके गेंदबाजों को पूरा रन-अप लेना चाहिए या आधा। वहीं, दूसरी ओर हम इसके लिए तैयार थे और नतीजा सबसे सामने है। देखा जाए तो दोनों टीमों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी! इसी कार्यक्रम में रॉबिन उथप्पा ने उस समय के अपने अनुभवों को साझा किया, 'हर अभ्यास सत्र से पहले हम वार्म-अप के बाद एक खेल खेलते थे। उस दौरान वेंकी (वेंकटेश प्रसाद) ने फुटबॉल खेलने के बजाय बॉल-आउट खेलना सुझाया। बल्लेबाजों में मैं, सहवाग और रोहित बहुत बार आउट हो जाते थे। जब पाकिस्तान के खिलाफ मैच टाई हो गया, तो हम बहुत उत्साहित थे। हमें इस बात की खुशी थी कि एक पल हमने यह मैच लगभग गंवा दिया था और अंत में आते-आते हम इसे टाई करने में कामयाब रहे। उथप्पा ने कहा, 'श्रीसंत ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और मैच टाई हो गया था। मुझे उस दरम्यान महेंद्र सिंह धोनी को श्रेय देना होगा। अपने पहले टूर्नामेंट में और बतौर कप्तान बेहद कम उम्र में उन्होंने गजब का आत्मविश्वास प्रदर्शित किया। टीम का एक साथी जोकि एक गैर-गेंदबाज था धोनी के पास गया और कहा कि उसे गेंदबाजी करनी है और वह स्टंप्स को हिट कर सकता है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## Sanjay Dutt के लिए फैंस मांग रहे हैं दुआएं, कहा- 'जल्दी ठीक हो जाओ मुन्ना भाई

शनिवार शाम को अस्पताल में भर्ती होने के बाद संजय दत्त (Sanjay Dutt) का कोरोना टेस्ट हुआ था, जिसमें वह निगेटिव पाए गए थे.



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त (Sanjay Dutt) फेफड़ों के कैंसर (Lung Cancer) से पीड़ित हैं. सूत्रों के मुताबिक वह मंगलवार को ही इलाज के लिए अमेरिका जा चुके हैं, क्योंकि उनको थर्ड स्टेज (Stage-3) का लंग कैंसर है. हाल ही में सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द के कारण संजय दत्त अस्पताल में भर्ती हुए थे और टेस्ट के दौरान ये बात सामने आई. हालांकि अस्पताल में दो दिन रुकने के बाद उनको सोमवार को छुट्टी दे दी गई थी. वहीं, अब सोशल मीडिया पर संजय के फैंस उनकी सलामती के लिए दुआएं मांग रहे हैं.

संजय दत्त के लिए ट्वीट करके उनके चाहने वाले लगातार प्रार्थना कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा जल्दी ठीक हो जाओ मुन्ना भाई. मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा हूं. भगवान आपका भला करे! बहुत सारा प्यार।ससंजय दत्त. एक अन्य यूजर ने लिखा संजय दत्त को फेफड़े के कैंसर का पता चला है, वह तत्काल इलाज के लिए अमेरिका रवाना हो रहे हैं.. बाबा के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं. ससंजय दत्त.'

बता दें, मंगलवार को उन्होंने अपने फैंस और शुभचिंतको को संदेश दिया कि वह अपने इलाज के लिए ब्रेक ले रहे हैं और कोई भी अनावश्यक अफवाहों पर ध्यान न दें. संजय दत्त ने अपने एक पोस्ट में लिखा, हाय दोस्तों, मैं अपने इलाज के लिए एक छोटा सा ब्रेक ले रहा हूं. मेरे परिवार और दोस्त मेरे साथ हैं और मैं अपने शुभचिंतकों से आग्रह करता हूं कि वे चिंता न करें और अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें. आपके प्यार और शुभकामनाओं से मैं जल्द लौटूंगाशनिवार शाम को अस्पताल में भर्ती होने के बाद अभिनेता का कोरोना टेस्ट हुआ था, जिसमें वह निगेटिव पाए गए थे. वर्कफ्रंट की बात करें तो, अभिनेता आगामी फिल्म सड़क 2 में नजर आएंगे, जो 28 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी.

## Kick 2' को लेकर बड़ा ऐलान, सलमान खान संग ये एक्ट्रेस करेंगी रोमांस

सलमान खान की फिल्म 'किक 2' को लेकर बड़ा ऐलान हुआ है. इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस के सस्पेंस से पर्दा उठ गया है.



जैकलीन फर्नांडिस (Jacqueline Fernandez) ने 11 अगस्त को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया. इस खास मौके पर उन्हें उम्मीद नहीं होगी कि उन्हें इतना खास तोहफा मिलेगा. निर्देशक साजिद नाडियाडवाला ने अपनी अगली फिल्म 'किक 2' में उन्हें बतौर लीड एक्ट्रेस साइन किया है. फिल्म 'किक 2' का तो पहले ऐलान हो चुका था और सलमान खान इस फिल्म में लीड एक्टर होंगे ये भी खबर पहले आ चुकी थी लेकिन बस फैंस को इंतजार था कि आखिर इस बार सलमान के साथ कौन सी एक्ट्रेस 'किक 2 में रोमांस करेंगी, तो जैकलीन के साथ इस सस्पेंस से भी पर्दा उठ गया है.

साजिद नाडियाडवाला की पत्नी वर्धा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से ये जानकारी साझा करते हुए लिखा, यह रहा आपके जन्मदिन का उपहार जो आपको हमेशा याद रहेगा. इस बात का औपचारिक ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि सुबह चार बजे ही साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म की पटकथा को लॉक कर दिया है. इस कहानी में आपका किरदार भी बेहद शानदार होने वाला है. सलमान खान की इस फिल्म किक 2 की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी.

किक% फिल्म से जैकलीन फर्नांडिस को बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक अलग पहचान मिली थी. फिल्म में सलमान संग उनकी जोड़ी को तो काफी पसंद किया गया ही, साथ ही उनकी खूबसूरती और अभिनय को भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिला. साल 2014 में रिलीज हुई %किक% में सलमान खान ने देवी लाल सिंह उर्फ डेविल की भूमिका निभाई थी. वहीं जैकलीन ने फिल्म में उनकी लेडी लव का रोल प्ले किया था. फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी नेगेटिव रोल में नजर आए थे और मिथुन चक्रवर्ती, रणदीप हुड्डा का भी अहम रोल देखने को मिला था.

आपको बता दें सलमान खान आने वाले दिनों में फिल्म 'राधे योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' की शूटिंग खत्म करेंगे. हाल ही में जैकलीन के साथ उनका गाना 'तेरे बिना' भी रिलीज हुआ था जिसे लोगों ने काफी पसंद किया.



# इस एक्ट्रेस को देख सारा अली खान ने एक्टिंग का बनाया था मन, फि लड़ी मोटापे से जंग

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा (Sara Ali Khan) आज बॉलीवुड इंडस्ट्री में अलग पहचान बना रही हैं. उनकी गिनती टैलेंटेड लिस्ट में होने लगी है. फिल्म 'केदारनाथ' से बॉ करने वाली सारा अली खान आज अपना 25 मना रही हैं. मुंबई में 12 अगस्त 1995 को सा हुआ था. सारा बचपन से ही अपनी मां और पि एक्टिंग करना चाहती थीं लेकिन जैसे ही वो अ वजन को देखती थीं, वैसे ही वो निराश हो जातं हम सारा के इस सपने के साकार होने की कह बताएंगे कि कैसे एक 96 किलो की गोलू-मं फिट होने के बाद रखती है बॉलीवुड इंडस्ट्री में क

**मोटापे के चलते बनती थीं हंसी का पात्र:**

सारा अली खान को आज आप देखकर ये कह नहं कभी ये एक्ट्रेस 96 किलो के भारी वजन की कॉलेज के दिनों में सारा अपने मोटापे के चल पात्र बनती थीं. मम्मी-पापा इतने फिट लेकिन मोटी. कॉलेज के दिनों में ही सारा ने ठान लि एक्ट्रेस ही बनेंगी, फिर शुरू हुई मोटापे के जबरदस्त जंग.

**इस एक्ट्रेस को देख जागी लगन:**

आप पहले सोच रहे होंगे सारा को एक्टिंग करने उनकी मां अमृता सिंह से मिली होगी लेकिन ऐ सारा की प्रेरणा तो ऐश्वर्या राय बच्चन हैं जिन्हें दे उन्होंने ठान लिया कि वो एक्टिंग ही करेंगी. दर इंटरव्यू के दौरान उनके पिता सैफ अली खान ने कि न्यूयॉर्क में एक अवार्ड फंक्शन के दौरान सा को देखा था, सारा स्टेज के पीछे थीं. उन्होंने व था कि यही है जो मैं करना चाहती हूं. यहीं से किया कि वह फिल्मों में काम करेंगी लेकिन करने के बाद.

**बॉलीवुड डेब्यू:**

सारा अली खान ने साल 2018 में फिल्म 'के बॉलीवुड डेब्यू किया. सारा के अभिनय को दश पसंद भी किया. इस फिल्म में सुशांत सिंह उनकी जोड़ी बनी थी. इसके बाद सारा फिल्म रणवीर सिंह के साथ नजर आईं, ये रोहित शेट्टी के बनी फिल्म थी. सारा को इस फिल्म के लिए भी भरपूर प्यार मिला. इसके अलावा 'लव अ कार्तिक आर्यन संग वो दिखाई दीं. सारा की फिल्में 'कुली नंबर 1' और 'अतरंगी रे' हैं.

# प्राइवेट जेट और होटल ही नहीं आइलैंड भी खरीदना चाहती थीं रिया चक्रवर्ती



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) के सुसाइड के बाद से ही लोग उनकी गर्लफ्रेंड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती (Rhea Chakraborty) को सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल कर रहे थे. वहीं, हाल ही में सुशांत के परिवार द्वारा पटना में रिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के बाद, रिया की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं. इस मामले में बिहार पुलिस की एक टीम भी रिया से पूछताछ करने मुंबई पहुंच गई थी, लेकिन रिया अपने घर पर नहीं मिली थीं. बाद में रिया द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर यह मांग की गई कि बिहार में दर्ज एफआईआर में पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए और जांच को बिहार से मुंबई ट्रांसफर किया जाए. इस मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी होने वाली है.

बता दें, अब सुशांत सुसाइड मामला मामला सीबीआई के पास है. वहीं, दूसरी ओर इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (Enforcement Directorate- ED) भी अपनी जांच में जुटी हुई है और रिया चक्रवर्ती से लगातार पूछताछ कर रही है. हाल ही में रिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसमें वह अपने और अपने छोटे भाई की बचपन की कहानी के बारे में बात करती नजर आ रही थीं. वहीं, अब सोशल मीडिया पर रिया का एक और वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने सपने के बारे में बात करती हुई नजर आ रही हैं.

रिया का यह वायरल वीडियो उनके किसी एक इंटरव्यू का है, जिसमें उनसे पूछा जाता है कि वह अपनी लाइफ में क्या-क्या करना चाहती हैं. इस पर रिया कहती हैं कि वह आइलैंड, प्राइवेट जेट और होटल जैसी चीजें खरीदना चाहती हैं. वीडियो में रिया को यह कहते भी सुना जा सकता है कि उन्हें होटल बहुत पसंद हैं इसलिए वह होटल भी खरीदना चाहती हैं.

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# हैरिस ने रोजगार सृजन करने, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने और स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम का किया वादा

**वाशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि निर्वाचित होने पर जो बाइडेन प्रशासन लाखों नौकरियों का सृजन करेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष करेगा और सबकी पहुंच वाले केयर (स्वास्थ्य देखभाल) के लिए अधिनियम लाने के साथ ही अमेरिकी लोगों के कल्याण के लिए कई अन्य पहल शुरू करेगा। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उम्मीदवार चुने जाने के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर हैरिस ने ट्रंप प्रशासन के साढ़े तीन साल के शासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मौजूदा अमेरिकी सरकार की ओर से उठाए गए गलत कदमों की एक लंबी सूची जनता के सामने पेश की। उन्होंने कहा, '' बाइडेन-हैरिस प्रशासन के तौर पर हम लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे और स्वच्छ ऊर्जा क्रांति के जरिए हम जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ेंगे। अनिवार्य आपूर्ति श्रृंखला को वापस लाएंगे ताकि भविष्य अमेरिका में तैयार हो। सबकी पहुंच वाला देखभाल अधिनियम (अफोर्डेबल केयर एक्ट) बनाएंगे ताकि स्वास्थ्य बीमा के साथ सभी की जिंदगी में शांति रहे ।

देखभाल देखभाल करने वालों को भी सम्मान, आदर और जितने के वो अधिकारी है, उन्हें उतना मिल सके।'' हैरिस ने कहा, '' हम हर एक महिला के अधिकार की रक्षा करेंगे ताकि वह अपने शरीर के बारे में खुद निर्णय ले सके, हम अपनी न्याय प्रणाली से संस्थाबद्ध नस्लवाद को खत्म करेंगे और एक नया मतदान अधिकार अधिनियम - जॉन लेविस मतदान अधिकार अधिनियम - पारित करेंगे ताकि हर किसी की आवाज का सुना जाना और उसे दर्ज किया जाना सुनिश्चित हो सके।'' हैरिस ने बाइडेन के साथ अपने भाषण के दौरान कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उप राष्ट्रपति माइक पेंस के बारे में सबको पता है और उन्होंने (हैरिस) अमेरिकी लोगों के प्रति इनकी जवाबदेही तय करने के लिए हर दिन काम किया है।

# अमेरिका की अपने नागरिकों एडवाइजरी- आतंकी हमले का खतरा, पाकिस्तान की यात्रा करने से बचें

**इंटरनेशनल डेस्क।**



अमेरिका ने अपने नागरिकों से कोरोना -19 और आतंकवादी हमले के खतरे के मद्देनजर पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को जारी नए यात्रा परामर्श में कहा कि बीमारी नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने कोरोना-19 के मद्देनजर पाकिस्तान के लिए लेवल तीन श्रेणी वाला यात्रा स्वास्थ्य नोटिस जारी किया है। परामर्श में कहा गया है कि छ्श1द्वस्र-19 की वजह से पाकिस्तान की यात्रा करने वाले लोगों को वहां पर सीमा बंद किए जाने, हवाईअड्डे बंद होने, यातायात प्रतिबंध, घर में रहने के आदेश समेत कई अन्य आपात स्थितियों का सामना करना पड़ सकता हैं। परामर्श में अमेरिकी नागरिकों से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत समेत पूर्व में संघ द्वारा प्रशासित जनजातीय इलाके नहीं जाने की अपील की है क्योंकि यहां आतंकवाद और अपहरण का खतरा है। वहीं नागरिकों से आतंकवाद और संभावित सशस्त्र संघर्ष की वजह से नियंत्रण रेखा से लगने वाले इलाकों में भी जाने से बचने को कहा गया है। हालांकि ठीक इसी समय विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में 2014 के मुकाबले सुरक्षा वातावरण में सुधार हुआ है। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने 2014 में आतंकवादी रोधी अभियान चलाया था।

# हैरिस का चुनाव करना "बेहद असामान्य" और "जोखिम भरा" : ट्रम्प

**वाशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन द्वारा भारतीय मूल की कमला हैरिस का चुनाव उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार (अपने रनिंग मेट) के तौर पर करने के फैसले पर सवाल उठाया और कहा यह ''बेहद असामान्य'' और ''जोखिम भरा'' है । अमेरिका में नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार जो बाइडेन ने 55 वर्षीय हैरिस को मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना था। हैरिस के पिता अफ्रीकी और मां भारतीय हैं। डेलावेयर में विलमिंगटन में बाइडेन और हैरिस के मंच साझा करने के बाद ट्रम्प ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, '' देखिए, उन्होंने एक फैसला किया है। उन्होंने उनका चयन किया। मैंने उनको देखा है। मैंने देखा कैसे उनके चुनावी अंक काफी नीचे गिरे और वह गुस्से में आ गईं। बाइडेन का उनसे अधिक किसी ने अपमान नहीं किया। उन्होंने उनके बारे में काफी गलत बाते कहीं...'' ट्रम्प (74) एक बार फिर राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं। हैरिस ने पिछले साल डेमोक्रेट की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए एक डिबेट में बाइडेन की काफी आलोचना की थी। ट्रम्प ने कहा, '' अब अचानक वह उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं और कह रही हैं कि वह (बाइडेन) कितने महान हैं। मुझे लगता है कि उनका चयन काफी अजीब है कि उन्होंने क्या-क्या कहा है, आप इस बारे में लिखेंगे नहीं क्योंकि आप लिखना चाहते नहीं हैं। लेकिन और किसी से अधिक आपको पता है कि उन्होंने उनके बारे में क्या-क्या गलत बातें कही हैं। '' ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी हैं।

# दुनिया की पहली रूसी कोरोना वैक्सीन का उत्पादन शुरू, पहला बैच दो सप्ताह में

**इंटरनेशनल डेस्क।**

अमेरिका, ब्रिटेन, भारत, जापान सहित दुनिया के कई देशों को पछाड़ कर रूस ने पहली कोरोना वैक्सीन तैयार कर ली है। खुशखबरी यह है कि रूस की इस वैक्सीन 'स्पूतनिक वी' का उत्पादन शुरू हो गया है और इसका पहला बैच दो सप्ताह के भीतर आ जाएगा। रूस के स्वास्थ्यमंत्री मिखाइल मुरास्खो का कहना है कि पहले चरण में वैक्सीन स्वास्थ्यकर्मियों और उसके बाद शिक्षकों को लगाई जाएगी। रूस की कंपनी सिस्टेमा ने उत्पादन शुरू कर दिया है। सरकार की योजना है कि अक्तूबर में वैक्सीन को पूरे रूस में बड़े पैमाने पर लॉन्च कर दिया जाएगा। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2021 से वैक्सीन का पूर्ण रूप से वितरण शुरू करने की तैयारी है। स्वास्थ्यमंत्री के अनुसार ट्रेसिंग ऐप भी तैयार हो रहा है, जो लोगों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखेगा। ऐप से उन लोगों पर भी नजर रखी जाएगी, जिन्हें ये वैक्सीन लग गई है। अगर उन्हें किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी तकलीफ होती है तो इसकी सूचना क्षेत्रीय स्तर के स्वास्थ्य सेवा को मिलेगी। वैक्सीन का नाम दुनिया के पहले सैटेलाइट स्पूतनिक केनाम पर रखा गया है, जिसे सोवियत संघ ने लॉन्च किया था।

कई देशों ने इसे खरीदने का ऑर्डर भी दे दिया है लेकिन इसके कारगर और सुरक्षित होने पर सवाल अभी भी बने हुए हैं। इस वैक्सीन के रजिस्ट्रेशन के दौरान रूसी सरकार ने जो दस्तावेज पेश किएहैं, उनके मुताबिक इस वैक्सीन के सुरक्षित होने पर ही सवाल खड़ा हो गया है। दस्तावेजों से जो सबसे अहम जानकारी मिली है उसके मुताबिक वैक्सीन कितनी सुरक्षित है, इसे जानने के लिए क्लीनिकल स्टडी पूरी ही नहीं हुई है।

## चीन में भयानक बाढ़ से 25 अरब अमेरिकी डॉलर की क्षति

**बीजिंग।** चीन में गर्मी के महीने में आई बाढ़ से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है या फिर लापता हैं। वहीं इस भयानक प्राकृतिक आपदा से सीधे तौर पर 25 अरब या फिर लापता हैं। वहीं इस भयानक प्राकृतिक आपदा से सीधे तौर पर 25 अरब अमेरिकी डॉलर की क्षति पहुंची है। आपदा प्रबंधन के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जल इकाईयों में जलस्तर बढ़ने से देश के मध्य और दक्षिणी हिस्से में बाढ़ आई। भले ही बाढ़ की चपेट से बड़े शहर ज्यादातर सुरक्षित ही रहे लेकिन वुहान में कोविड-19 महामारी के प्रसार के बाद देश में पहले से ही हुई आर्थिक क्षति को बाढ़ ने और बढ़ा दिया है। आपात स्थिति प्रबंधन के उप मंत्री झाउ शियुवेन ने संवादताओं को बताया कि 219 लोगों को या तो लापता या मृतक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। 54,000 घर नष्ट हो गए हैं। मृतक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। 54,000 घर नष्ट हो गए हैं। बाढ़ से 25.7 अरब अमेरिकी डॉलर की क्षति हुई है, जो कि पिछले पांच वर्षों में हुई औसत क्षति से 15.9 फीसदी ज्यादा है। चीन दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन देश के भीतर बाजार में मांग में कमी और बढ़ती कीमतों के बीच वृद्धि दर धीमी हुई है।

## पाकिस्तान को सऊदी से टकराव भारी पड़ा, सेना प्रमुख बाजवा को रियाद भेजने की तैयारी

**पेशावर।**



कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को सऊदी अरब के टकराव भारी पड़ता जा रहा है। पाकिस्तान को अपने विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बड़बोलेपन का खमियाजा चुकाना पड़ रहा है। पाकिस्तानी न्यूजपेपर द न्यू के मुताबिक इमरान खान सरकार से अब स्थिति संभाले नहीं संभल रही और हालात को कंट्रोल करने के लिए अब सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को अगले सप्ताह रियाद भेजा जाएगा । इस दौरे से इस्लामबाद में उम्मीद जगी है कि मतभेदों को जल्दी दूर कर लिया जाएगा। हालांकि सऊदी के रुख को देखकर यह कठिन मामला लगता है। सऊदी ने इमरान खान की अपील पर दिए गए कर्ज को वापस मांग लिया है। सऊदी के पैकेज में 3 अरब डॉलर का लोन और 3.2 अरब डॉलर का तेल उधार देने का वादा किया था। मई में इसे खत्म कर दिया गया और बाद में सऊदी ने पाकिस्तान को पूरा लोन चुकाने को कह दिया। पाकिस्तान ने चीन से 1 अरब डॉलर का कर्ज लेकर सऊदी को दिया है।हालांकि, इसको लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच जनरल बाजवा ने सऊदी राजदूत एडमिरल नवाफ बिन सैद अल-मलिकि से सोमवार को मुलाकात की। सेना ने मुलाकात के बाद बताया कि द्विपक्षीय मुद्दों, क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और द्विपक्षीय रक्षा मामलों पर चर्चा की गई है। बता दें कि पिछले सप्ताह एक टीवी इंटरव्यू में पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कश्मीर मुद्दे पर सऊदी के नेतृत्व वाले इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक बुलाने की मांग करते हुए कहा, यदि आप इसे नहीं बुला सकते हैं तो मुझे प्रधानमंत्री इमरान खान से कहना पड़ेगा कि उन इस्लामिक देशों की बैठक बुलाइए जो कश्मीर के मुद्दे पर हमारे साथ खड़े होने को तैयार हैं।बाद में विदेश मंत्रालय ने मंत्री के अल्टीमेटम का पालन किया । विदेशी कार्यालय ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि मंत्री का बयान राजनयिक मानदंडों के खिलाफ था बाद में विदेश मंत्रालय ने मंत्री की चेतावनी को ही दोहराया, जिससे संकेत मिला कि यह जल्दबाजी में दिया गया बयान नहीं था। विदेश मंत्रालय ने इस बात को खारिज किया कि मंत्री का बयान कूटनीति के खिलाफ है। विदेश मंत्री कुरैशी ने अपने बयान पर सफाई देने के लिए दो बार प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है लेकिन दोनों ही बार इसे कैंसल कर दिया गया।

# पीएम बोरिस हमेशा भारत के साथ, खालिस्तान समर्थक संगठनों के खिलाफ: ब्रिटिश सिख एसो



**लंदन।**

ब्रिटिश सिख एसोसिएशन के अध्यक्ष लॉर्ड रामी रेंजर ने एक बार फिर स्पष्ट शब्दों में दावा किया है कि ब्रिटिश सरकार इंगलैंड में खालिस्तान आंदोलन या भारत के खिलाफ किसी भी गतिविधि को समर्थन नहीं दे रही है। लार्ड रेंजर ने कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनका देश कभी भी अलगाववादी ताकतों को समरथन नहीं दे सकता। इंडिया टुडे के साथ एक विशेष साक्षात्कार में व्यापारी और ब्रिटिश सिख एसोसिएशन के अध्यक्ष लॉर्ड रेंजर ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री जॉनसन को सूचित किया कि खालिस्तान के लिए कुछ अलगाववादी संगठन काम कर रहे हैं और वे पंजाब को भारत से अलग करना चाहते हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से मुझे आश्वासन दिया कि ब्रिटिश सरकार ऐसे संगठनों या भारत के खिलाफ किसी तरह का समर्थन नहीं करती है। बता दें कि ब्रिटेन में रेफरेंडम 2020 खालिस्तान के पक्ष में फिर अलगाववादी सिख समूह आवाज उठा रहे है। यहां एक बार फिर खालिस्तान को लेकर बयानबाजी का दौर शुरू हो गया। ब्रिटेन के प्रमुख सिख समूह सिख फेडरेशन ने लॉर्ड रामी रेंजर पर भाजपा हितैषी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए रामी पर सिखों के अधिकारों और उनकी जायज मांगों की कीमत पर हिंदुत्व और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली भारत सरकार के हितों के लिए काम करने का आरोप लगाया है। बता दें कि हाल ही में, प्रधानमंत्री के समर्थन का उल्लेख करते हुए लॉर्ड रेंजर की आलोचना की गई थी। संसद लेबर पार्टी की सदस्य प्रीति गिल ने कहा था कि खालिस्तान की एक अलग मातृभूमि के लिए सिखों की मांग उचित है और इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद आत्मनिर्णय का सिद्धांत प्रमुखता से सन्निहित है। गिल ने कहा कि भले ही प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यह दावा किया हो, लेकिन वह कानून से ऊपर नहीं । ब्रिटेन में सिख समुदाय ने लॉर्ड रेंजर द्वारा दिए गए गैरजिम्मेदाराना बयान के खिलाफ बहुत गुस्से से जवाब दिया है क्योंकि उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री और ब्रिटिश सरकार सिख समुदाय के आत्मनिर्णय के अधिकार में विश्वास नहीं करती । दरअसल, सिख फॉर जस्टिस नाम का एक समूह पिछले कई सालों से खालिस्तान की मांग को लेकर लंदन में माहौल बना रहा है। स्न्नह्छ का कहना है कि उनका मकसद इस मामले को संयुक्त राष्ट्र तक ले जाना है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को यह भी बताना है कि पंजाब की जो स्वतंत्र स्थिति पहले थी।

## कमला हैरिस को चुनते ही बाइडेन की लगी लॉटरी, 24 घंटे में जुटाए 2.6 करोड़ डॉलर

**न्यूयार्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस (55) को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (रनिंग मेट) चुनते ही लॉटरी लग गई। कमला को चुने जाने के महज 24 घंटे के बीच उनके अभियान को 2.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का चंदा मिला है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनी हैं। बाइडेन ने बुधवार को कहा, '' यह दिल को छूने वाला है, काफी उत्साहित करनेवाला है। बाइडेन अभियान को उम्मीद है कि इससे चुनाव तारीख से पहले अंतिम चरण में चंदे के रूप में बड़ी धनराशि जमा करने को बल मिलेगा। अब डेमोक्रेट्स भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी द्वारा जुलाई महीने में जुटाए गए 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि को पीछे नहीं छोड़ सके हों, लेकिन वह इस राशि के करीब पहुंच रहे हैं। और ऐसी उम्मीद है कि चंदा इकट्ठा करने में हैरिस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बुधवार को बाइडेन अपने रनिंग मेट हैरिस के साथ पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। बाइडेन ने कहा कि वह दोनों अमेरिका के पुनर्निर्माण और इसके लोगों के बेहतर भविष्य के लिए काम करने को तैयार हैं। बाइडेन ने कहा, '' जैसा कि आप सभी जानते हैं कि कमला तेजतर्रार हैं। वह मजबूत हैं। उनके पास अनुभव है। वह इस देश के मध्यमवर्ग और मध्यम वर्ग की श्रेणी में आने के लिए संघर्ष कर रहे लोगों के लिए एक सिद्ध योद्धा हैं। कमला जानती हैं कि शासन कैसे किया जाता है। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर आसीन होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी और अफ्रीकी-अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी।

# भारत के राफेल से खौफ में चीन, ड्रेगन ने एलएसी के नजदीक उतारे 36 बमवर्षक विमान



**इंटरनेशनल डेस्क।**

भारत और चीन के बीच लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (स्ïष्ट) को लेकर तनाव जारी है । इस बीच भारत की एक डील ने ड्रेगन की नींद उड़ा कर रख दी है। भारत के 5 राफेल आने के बाद चीन की टेंशन बढ़ गई है और बौखलाहट उसने अपने होतान एयरबेस पर 36 बमवर्षक विमान उतार दिए हैं। स्ïष्ट के नजदीक चीन के होतान एयरबेस में हलचल देखी जा रही है। सवाल यह है कि आखिर भारत के राफेल आते ही चीन टेंशन में क्यों है। . राफेल के आते ही सारे समीकरण बदल गए है। 28 जुलाई को चीन ने आनन फानन में अपने 36 फाइटर जेट्स की तैनाती होतान एयरबेस पर कर दी। इन फाइटर जेट्स में 24, छ्-11 बमबर्षक हैं, जो रूस में बने हैं। 6 पुराने छ्-8 फाइटर जेट्स हैं और 2 जेट्स, 2 चछ्-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एयरक्राफ्ट और 2 स्ह्व-17 हेलीकॉप्टर की भी तैनाती की गई है। वैसे तो राफेल से पहले भी होस्टन में चीन के बमवर्षक थे, लेकिन सिर्फ तब 12 की तैनाती की गई थी जिसे अब बढ़कर 36 कर दिया गया है। बमवर्षकों में ये 300 फीसदी का इजाफा किसी बड़ी साजिश की ओर संकेत करता है। चीन को पता है कि होतान से उसके सारे विमान वार करने में सक्षम नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य ताकत रखने वाले चीन की हकीकत ये है कि इस शिंझियांग रीजन में मुश्किल टैरेन की वजह से उसके पास ढंग की एअर स्ट्रिप नहीं हैं। युद्ध की स्थिति में चीन के बमबर्षक सिर्फ होतान एयरबेस से ही उड़ान नहीं भरेंगे, वो काशगर और नगारी कुंशा एयरबेस से भी उड़ान भर सकते हैं। लेकिन लद्दाख से काशगर की दूरी 350 किलोमीटर और नगारी कुशां से 190 किलीमीटर है। चीन इसलिए खौफजदा है क्योंकि उसके फाइटर जेट्स विमान राफेल की तरह हवा में 12-12 घंटे नहीं उड़ सकते। सारा प्लान फेल करने का दमखम रखते हैं, और मिग-29 और सुखोई जैसे फाइटर जेट्स तो पहले से ही लद्दाख में तैनात हैं। यानि भारत के पांच राफेल भी उसका सारा प्लान फेल करने का दमखम रखते हैं, और मिग-29 और सुखोई जैसे फाइटर जेट्स तो पहले से ही लद्दाख में तैनात हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### भयानक तबाही का खतराः मॉरीशस तट पर हजारों टन तेल से भरा जहाज टूटने की कगार पर

**इंटरनेशनल डेस्क।** मॉरीशस के समुद्र तट पर एक जहाज से भंतकर तबाही का खतरा मंडरा रहा है। इस जहाज से लगातार तेल लीक हो रहा है और जहाज के दो हिस्सों में टूटने की संभावना जताई जा रही है। अगर ऐसा हुआ तो एक बड़ी पर्यावरणीय तबाही मच जाएगी। मॉरीशस के तट से आकर लगा यह एमवी वाकाशियो जापानी कंपनी मित्सुई ओएसके लाइन्स द्वारा संचालित एक कार्गो जहाज है जो चीन से ब्राजील जा रहा था। 25 जुलाई को बीच रास्ते में यह चट्टानों के बीच फंस गया और पिछले गुरुवार को जहाज से समुद्र में तेल लीक होना शुरू हो गया । इस जहाज से हिंद महासागर के लैगून में अब तक लगभग 1,000 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हो चुका है। विशेषज्ञों को डर है कि पारिस्थितिक रूप से समृद्ध इस क्षेत्र के लिए यह दुर्घटना एक बड़ी आपदा न बन सकती है। गुरूवार को तेल रिसाव शुरू होने के बाद से तट पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान शुरू किया गया है जिसमें हजारों स्थानीय वालंटियर मदद करने के लिए मॉरीशस के पूर्वी हिस्से की ओर जा रहे हैं। इस जहाज पर करीब से नजर रखने वाले कुछ लोगों का कहना है कि इस जहाज में नई दरारें दिखाई देने लगी हैं और अगर यह जहाज टूट गया तो हजारों टन तेल लैगून में फ़ैल जाएगा। जहाज में रिसाव और दरारें जिस तरह से बढ़ रही हैं इस बात की बहुत संभावना है कि यह जहाज दो हिस्सों में टूट जाएगा। ग्रीनपीस इंटरनेशनल के पूर्व रणनीतिकार और मॉरीशस में संसद के पूर्व सदस्य सुनील डॉवरकासिंग ने कहा कि अभी भी जहाज के टैंकों पर लगभग 2,500 मीट्रिक टन ईंधन है और जहाज में तीन तेल टैंक हैं जिनमें से एक समुद्र में लीक हो चुका है। फिलहाल इस रिसाव को रोक दिया गया है, और एक ऑपरेशन अब चल रहा है जिसमें जहाज टूटने से पहले एक टैंकर और बचाव टीमों का उपयोग अन्य टैंकों से तेल निकालने के लिए किया जा रहा है।

### लॉकडाऊन में ऑनलाइन हुआ प्यार, शख्स ने खुद को लगाकर किया प्रेमिका को प्रपोज

**लंदन।** ब्रिटेन में एक शख्स ने प्रेमिका को इम्प्रेस करने के लिए दुनिया का शायद सबसे और भयानक तरीका अपनाया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। ब्रिटेन में रहने वाला यह शख्स प्रेमिका को शादी के लिए प्रपोज करने के लिए अपने शरीर में आग लगाकर पहुंच गया। पेशे से स्टंटमैन रिकी एश का ऐसा ही एक खतरनाक लेकिन अनूठा प्रपोजल सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रिकी ने अपनी गर्लफ्रेंड कैटरीना डॉबसन को शादी के लिए प्रपोज करने के लिए खुद को ही आग लगा ली। हालांकि रिकी एक प्रोफेशनल स्टंटमैन हैं इसलिए उन्होंने इसके लिए सभी ज़रूरी तैयारियां की हुईं थीं। वायरल हो रहे इस वीडियो में रिकी तमाम एहतियात के साथ खुद को आग लगाते और अपनी गर्लफ्रेंड को प्रपोज करते नज़र आ रहे हैं। इस दौरान वहां सुरक्षा के बाकी इंतजाम भी किए गए हैं, साथ के साथ ही एक शख्स आकर आग को बुझा भी देता है। रिकी 27 वर्षों से बतौर स्टंटमैन काम कर रहे हैं बता दें कि कैटरीना पेशे से नर्स हैं। कैटरीना और रिकी दोनों ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए मिले थे हालांकि पहली मुलाकात में रिकी की कम हाइट देखकर कैटरीना निराश हुईं थीं। कैटरीना 6 फुट 3 इंच की हैं जबकि रिकी की हाइट 5 फुट 8 इंच है। कैटरीना ने बताया कि जब लॉकडाउन हुआ था उन्हीं दिनों दोनों ने बातें करनी शुरू की थीं। तीन हफ्तों तक बातचीत चली। हालांकि रिकी ने उन्हें ये बताया कि वो एक ऐसे फोटोशूट में जा रहे हैं, जहां उन लोगों की तस्वीरें कैप्चर की जा रही हैं जो लॉकडाउन के दौरान प्यार में पड़े हालांकि लेकिन ये झूठ था। सच ये था कि वो उन्हें प्रपोज करने वाले थे।

### पश्चिमी सीरिया में फिर से अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रहा है इस्लामिक स्टेट : अमेरिकी कमांडर

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया मामलों के शीर्ष अमेरिकी कमांडर ने बुधवार को आगाह किया कि आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट एक बार फिर पश्चिमी सीरिया में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जहां अमेरिका की मौजूदगी काफी कम है। जनरल फ्रैंक मैकेंजी ने कहा कि फ़रात नदी के पश्चिम में स्थिति इतनी खराब है कि इस्लामिक स्टेट से सक्रिय होने की आशंकाएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा, '' हम सभी को इसकी चिंता करनी चाहिए।'' मैकेंजी ने कहा कि आतंकवादियों पर कोई अंकुश नहीं है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों को उम्मीद है कि आतंकवादी संगठन को रोकने के लिए सीरियाई शासन कुछ करेगा। देश के पश्चिमी हिस्से पर रूस समर्थित सीरियाई सरकार के सैनिकों का नियंत्रण है। वहीं अमेरिका और सहयोगी 'सीरियाई डेमोक्रेटिक बल' देश के पूर्वी हिस्सों में सक्रिय हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आईएस की हार को अपनी प्रमुख राष्ट्रीय सुरक्षा उपलब्धियों में से एक बताया है। उन्होंने देश से अमेरिकी सैनिकों की योजनाबद्ध तरीके से वापसी के तहत तुर्की के पास उत्तरी सीमा से अमेरिकी सेना को हटाने का आदेश भी दिया है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



**कानपुर भारी बारिश के कारण शहर में हुये जलभराव को देखते हुए। महापौर प्रिमिला पांडेय एवं नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम, जल कल एवं जल निगम को अधिकारियों के साथ बैठक की।**

## बारिश होने के कारण विकासनगर की दुकानों में भारी पानी भरा हुआ, प्रार्थना पत्र लेकर नगर निगम अधिकारी के पास

उ.प्र ब्युरो संजय मौर्या

कानपुर विकास नगर व्यापार मंडल दिनांक 13 8 2020 को अधिक बारिश होने के कारण विकासनगर की दुकानों में भारी पानी भरा हुआ है व्यापारी भाइयों ने विकाश नगर ब्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज दुबे के अगुवाई में सभी ब्यापारियों से अनुरोध किया है है कि हम सभी लोग एक साथ नगर निगम अधिकारी के पास अपना प्रार्थना पत्र लेकर जाएं जिससे कि नाले की सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है नाला साफ नहीं होता है और पानी ओवरफ्लो होने के कारण हमारी दुकानों में भर जाता है जिससे कि हमें हर मौसम में भारी नुकसान उठाना पड़ता है पंकज दुबे ने व्यापारियों भाइयों से अनुरोध किया हैं कि सभी लोग नगर निगम अधिकारी के पास जाने के लिए समय को निश्चित करें और वहां धरना प्रदर्शन करें जिससे कि हम लोगों की समस्याएं अंत हो सके।



पंकज दुबे विकास नगर अध्यक्ष
कानपुर ग्रामीण उद्योग ब्यापार मंडल



## 12 वर्षीय बालक का पिता कौन ?

उ.प्र ब्युरो संजय मौर्या

ऊँचाहार,रायबरेली।कोर्ट कचेहरी थाने के फेरे लगाते हुए पीडित की हालत दयनीय हो जाती है।बावजूद शासन प्रशासन की कानों मे जू तक नही रेगती है।जब रेगती है तब होता है सिर्फ तबा. दला।अब इस तबादले से फरियादी को क्या फायदा होता है।फरियादी फिर से पुराने प्रार्थना पत्रों के साथ फिर एक नया प्रार्थना पत्र देता है और समस्या का समाधान माँगता है।परन्तु होता क्या है देख लेंगे, कल आना,आज साहब नही है,आज मीटिंग मे है।इस तरह तमाम बातों को बताकर या फिर डांट फटकार कर पीडित को भगा दिया जाता है।मायूस पीडित व्यक्ति और कर भी क्या सकता है।मजबूरन उसे किसी नेता के चक्कर काटने के शिवा और कोई सहारा नही मिलता है और नेता भी देखते है पीडित व्यक्ति बिरादरी का या फिर पार्टी का है या नहीं।कुछ खास जरूर होना चाहिए अन्यथा साहब को फोन कर मामले को देखने की बात भी नही बोलेगे।

ऐसा एक मामला पुरवारा गावं वर्ष 2008 का है।जहाँ पीडित दर दर भटकता रहा है।

आज वर्ष 2020 तक न्याय नही मिला है।सिर्फ विपक्ष के पैसो से अधिकारियों ने गुमराह किया है।पीडित व्यक्ति समय समय पर सबके पास पहुँचता रहा है।लेकिन आज भी न्याय पालिका और शासन से उम्मीद लगाए बैठा है कि एक दिन न्याय जरूर मिलेगा।अब देखना यह है कि पीड़ित को न्याय कब मिलेगा।

सन् 2008 मे 25 जुलाई को लक्ष्मी नारायण मौर्य अपनी प्रसव पीडित पत्नी संतोष कुमारी को भर्ती करवाया था।प्रसव पीड़िता ने स्वस्थ बालक को जन्म दिया था।

प्रसव पीड़िता दर्द से कराह रही थी।उसी समय मौजूद स्वस्थय कर्मियों द्वारा पैसा लेन देन कर



क्या फरियादी इसी तरह भटकते रहेंगे न्याय के लिए।
किसी भी मामले को गंभीरता से क्यू नही लेता शासन प्राशासन।
लंबित मामलों का निस्तारण कब होगा।
क्या फरियादी के दुनिया छोड़ने पर मिलेगा न्याय।
अब तक 15विवेचक आ चुके है।
पीडित सीबीआई जाँच की माँग पर अडा।

नवजात शिशु को अकबर अली की पत्नी तब्बसुम के मृत बच्चे से बदल दिया और रातों रात दोनो को घर जाने के लिए दबाव बनाया गया था।जिसे जीवित मिला वह खुशी के माहौल मे अपने घर गया किन्तु लक्ष्मी नारायण मौर्य को यह बात हजम नही हुई।क्युकि बालक के जन्म को सुनकर दाई इत्यादि को पैसे देकर खुशी जाहिर कि किन्तु बाद मे मृत बच्चा देकर रातो रात घर जाने पर विवश कर दिया था।जिससे घर आना पडा था।दूसरे दिन सुबह जब बच्चे को दफनाने जा रहे थे तो बच्चे को खोलकर देखा तो मृत बच्चा सडा हुआ था।किसी तरह बच्चे को दफनाने के बाद बीती हुई बातों को सोचने पर मजबूर हुए और सोचने लगे कि पड़ोस वाली महिला को भी मृत बच्चा हूआ था और वह लोग खुशी खुशी घर गये और हम परेशान है।

लेकिन धीरे धीरे बात खुली की जीवित बच्चा किसी और के आँगन की शोभा बढ़ा रहा है।सारी जाँच पड़ताल के बाद मौके तक लक्ष्मी नारायण मौर्य पहुँच गये।

काफी विनती के बाद थाने, पुलिस अधीक्षक,जिलाधिकारी सहित मामले को आला अफसरों तक पहुँचाया और कामयाबी न मिलने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो वहाँ से डीएनए टेस्ट की अनुमति मिली और वर्त्तमान पुलिस अधीक्षक को आदेशित किया गया कि दोनो पक्षों का डीएनए का बच्चे से मिलान किया जाए। विपक्ष प्रारम्भ से ही डीएनए कराने कतराता रहा है।लेकिन न्यायालय के बराबर आदेशों के आगे बाद पुलिस अधीक्षक और ऊंचाहार कोतवाल ने विपक्ष को डीएनए के लिए राजी करवा डीएनए कराया गया लेकिन वहाँ पर पीडित को बर्फ लाने के लिए भेज कर गुमराह कर दिया गया और डीएनए को इधर उधर कर अकबर के डीएनए को बच्चे के डीएनए से मिलान करवा दिया गया है।मामले को 12वर्ष बीत जाने के बाद इस मामले मे अब तक 15 विवेचक आ चुके है।लेकिन न्याय नही मिला है।अब पीडित सीबीआई जांच की मांग कर रहा है।क्युकि विपक्षी बराबर अपनी जगह बदल रहा है।गाँव से मुम्बई जा पहुँचा है।अब देखना है कि सच और झूठ से परदा कब उठता है।



उ.प्र ब्युरो संजय मौर्या

## राजस्व टीम की पैमाइश पर उठे सवाल ?

उ.प्र ब्युरो संजय मौर्या

जगतपुर रायबरेली वादी का हित सर्वोपरि मानकर पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम ने पैमाइश की गाइडलाइन की

धज्जियां उड़ा दी पैमाइश टीम ने इस झगड़ा तो सुलझाया नहीं तमाम झगड़ो का बीज बो दिया है

मामला ऊंचाहार तहसील के जगतपुर का है जहां पर राजेश त्रिवेदी और रामखेलावन के बीच चल रहे भूमि विवाद की पैमाइश करने पहुंचे राजस्व निरीक्षक राम प्रकाश तिवारी व लेखपाल चंदभान सिंह अमर बहादुर सिंह ने व राकेश कुमार ने भूमि संख्या तेरह पचासी की पैमाइश के दौरान ने गाइडलाइन का पूरा उल्लंघन किया किसी स्थाई बिंदु नाला सिचाई नाली चकरोड कुआँ सीमा पत्थर को आधार नहीं माना और मनमाने तरीके से पैमाइस कर दिया राजस्व टीम की मनमानी से पड़ोसी किसानों में आक्रोश रबना हुआ है किसानों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।



## कॉग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव त्यागी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर उन्हें भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की गई.

उ.प्र ब्युरो संजय मौर्या

कानपुर महानगर कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर प्रकाश की अध्यक्षता में आज तिलक हाल में कॉग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव त्यागी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर उन्हें भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की गई.

इस अवसर पर श्री अग्निहोत्री ने कहा कि श्री त्यागी कॉग्रेस के ऐसे नेता थे जिन्होंने जीवन के अंतिम क्षणों तक पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी की सेवा की. उन्होंने कहा कि आज देश के समस्त कॉग्रेस ज़न शोक में हैं और वह अपने नेता को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली तक सीमित हैं. लेकिन आज के बाद कॉग्रेस जन उन टी वी चैनलों व कथित एंकरों के वहिष्कार का आगाज करेंगे,

जो सरकारी मार्गदर्शन में टी वी डिबेट के बहाने श्री राजीव त्यागी जैसे कॉग्रेस के प्रखर व विद्वान प्रवक्ताओ पर निजी हमला कर उन्हें अपमानित और गहरा आघात पहुंचाते हैं.

श्री अग्निहोत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि अब काँग्रेस ज़न अपने अपने घरों से निकल कर उन मीडिया घरानों और टीवी चैनलों को सबक सिखाएँगे जो प्रेस की आजादी के नाम पर ज़हरीली डिबेट करा कर देश में नफरत फैला रहे हैं.

श्रद्धांजली सभा में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा, इकबाल अहमद, अशोक धानविक, अनिल बाजपेयी भुल्लड़, गुलाब सिंह कोरी, सतीश दीक्षित, ईखलाख अहमद डेविड, सुबोध बाजपेयी, विजय त्रिवेदी बाबा, धर्मेंद्र शुक्ला, रफीक भाई कल्लू, चंद्रमनी मिश्रा, संदीप चौधरी, राजाराम निगम, राजू कश्यप, एजाज रशीद आदि मौजूद थे।




## भाजपा विधायक के साथ थाने में मारपीट, वायरल वीडियो से मामले में नया मोड

अलीगढ़ (एजेसी), भाजपा विधायक के साथ मारपीट के मामले में बृहस्पतिवार को एक वीडियो वायरल होने के साथ ही नया मोड आ गया। वीडियो में दिख रहा है कि मारपीट शुरू करने के पुलिस के आरोप पर विधायक कोई आपत्ति नहीं कर रहे हैं। वायरल वीडियो से साफ है कि मारपीट पुलिस कर्मियों ने नहीं की बल्कि विधायक ने पुलिसकर्मियों पर हाथ डाला।

वीडियो क्लिप विधायक और पुलिस के बीच शुरूआती कहासुनी के बाद फिल्मायी लगती है, जिसमें दर्शाया गया है कि पुलिस अधिकारी विधायक से कह रहे हैं कि उन्होंने थाने में घुसते ही उनके साथ मारपीट क्यों की। इस पर विधायक कोई आपत्ति नहीं कर रहे हैं। थाना प्रभारी को विधायक से कहते सुना जा रहा है कि जैसे ही आप थाने में आये, आपने मेरी यूनीफार्म फाड दी और मारपीट करने से पहले आपने मेरी नेम प्लेट छीन ली। इस बात पर आपत्ति करने की बजाय विधायक को जवाब देते सुना जा रहा है कि अगर आप मेरे निर्देश नहीं सुनोगे और मेरी पार्टी के कार्यकर्ता का उत्पीडन करोगे तो मैं और क्या करूंगा। विधायक को पुलिस अधिकारी से कहते सुना गया कि मेरे आदमी के खिलाफ आपने काउंटर रिपोर्ट क्यों की। मुझे पता है कि आपने सपा नेता के इशारे पर ऐसा किया है।

विधायक ने थाना प्रभारी पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया और कहा कि वह लगातार उनकी बात नहीं मान रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटना पर मौन हैं लेकिन थाने के स्थानीय पुलिसकर्मियों का दावा है कि विधायक थाने पर अकेले नहीं आये थे बल्कि पार्टी के कुछ प्रतिष्ठित नेता भी उनके साथ थे। बताया जाता है कि जब विवाद शुरू हुआ तो उक्त नेता थाने से बार हो गये और यह खबर फैला दी कि इगलास विधायक को थाने में बंद कर दिया गया है। यह खबर फैलते ही बडी संख्या में विधायक के समर्थक एकत्र हो गये, जिससे हालात बेकाबू हुए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हालांकि मौके पर पहुंच गये और स्थिति को नियंत्रित किया। आगरा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक रतन ने बताया कि थाने के पुलिसकर्मियों और विधायक दोनों ने ही एक दूसरे पर दुर्व्यहार का आरोप लगाया है। आईजी ने बताया कि वह अधिकारियों को इस घटना पर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। इस मामले में थाना गोंडा प्रभारी अनुज कुमार सैनी को निलंबित किया गया है जबकि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल शर्मा का तबादला कर दिया गया है। इस बीच इगलास से भ. ाजपा विधायक राजकुमार सहयोगी ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बुधवार की घटना के बाद उठाये गये कदम पर संतोष व्यक्त किया है। बुधवार को विधायक ने आरोप लगाया था कि गोंडा थाने पर उनके साथ बदसलूकी की गयी थी। वह विश्व हिन्दू परिषद के एक सदस्य के खिलाफ दर्ज मामले को लेकर अपना विरोध प्रकट करने गये थे। उधर विपक्षी दलों ने कल की घटना का दोषी भाजपा विधायक को माना है।

## अपने देश का सर कभी न झुकने दे- हाफिज फुजैल

रायबरेली वरिष्ठ समाजसेवी हाफिज फुजैल ने कहा कि देश का सबसे बड़ा त्योहार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस कल है जिसको सभी हिंदुस्तानी भाई बड़े ही धूमधाम के साथ मानाते है और इस बार भी हम सब इस त्योहार को बहुत ही धूमधाम से मनाएंगे लेकिन सोसल डिस्टनसिंग का पालन करते हुए और मास्क लगा कर वही कहा कि सभी भाइयो को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी अपनी छतों पर अपने देश की शान अपना तिरंगा फहराना चाहिए और एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर इस दिन को अपनी जिंदगी का सबसे खास दिन बनाना चाहिए क्योंकि उसी दिन सही मायनों में हम सब को आजादी मिली थी और इस आजादी के लिए शहीद हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देकर हम सब उन्हें याद करे और अपने देश के लिए कसम खाये की हम सब इसके लिए अपनी जान तो दे सकते है लेकिन अपने हिंदुस्तान का सर न झुकने दे क्योंकि यही हमारी जन्मभूमि और कर्मभूमि है वही कहा कि इस बार कोरोना वैश्विक महामारी को देखते हुए एक जगह पर ज्यादा लोग इकट्ठा न हो और जो भी केंद्र और प्रदेश सरकार की गाइड लाइन हो उसका पालन करते हुए हम सब 15 अगस्त का त्यौहार मानये ।



## मिशन योगी अगेन सीएम उत्तर प्रदेश 2022 रायबरेली

रायबरेली– आज मिशन योगी अगेन सीएम उत्तर प्रदेश 2022 रायबरेली से एक बड़ी जिम्मेदारी देते हुए अली नकवी को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं जिला अध्यक्ष बनने के बाद उनके कार्यालय पर पहुंचे सैकड़ों लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और कहा कि मिशन 2022 में उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनाने में पूरा सहयोग एवं समर्थन रहेगा वहीं इस मामले पर जब अली नकवी से बात की गई तो अली नकवी ने कहा कि जो हमारे जिला अध्यक्ष ने मुझे जिम्मेदारी दी है मैं उस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करूँगा वही कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 में एक बार फिर महंत योगी आदित्यनाथ एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे और हम सब लोग 2022 के चुनाव को लेकर अभी से तैयारियों में जुट जाएंगे।





उन्नाव ब्यूरो रिपोर्ट:प्रकाश शुक्ला उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के दही चौकी की फैक्ट्री एलाइट लेदर में कार्यरत मजदूर सन्तोष की मौत हो गई है जिससे मृतक के परिजनों ने शव को फैक्ट्री के बाहर शव रख कर गेट जाम किया।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# ममता सरकार का बड़ा फैसला, कोरोना से मौत होने पर अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं के आश्रितों को देगी नौकरी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने ड्यूटी के दौरान सरकारी विभागों के अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं की मृत्यु होने पर आश्रितों में से किसी एक को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की घोषणा की है। राज्य के वित्त विभाग द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि सरकार अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं के उपचार का वहन और वित्त विभाग उसके परिवार को 10 लाख रूपए की सहायता प्रदान करेगा। इसमें कहा गया है कि अब कोरोना योद्धाओं के आश्रितों को अर्थिक संकट से बचाने के लिए विशेष योजना के तहत रोजगार मुहैया कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में आशा कार्यकर्ता, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, संविदा कर्मचारी एनएचएम के अधीन सभी संविदा कर्मचारी और अंशकालिक चिकित्सा, पैरा-मेडिकल और नर्सिंग कर्मियों, दवा प्रबंधन, संविदा कर्मचारी और अंशकालिक चिकित्सा, पैरा-मेडिकल और नर्सिंग कर्मियों, दवा प्रबंधन, सफाई, मैला ढोने, कपड़े धोने, आहार प्रदान करने वाले, अन्य सेवाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, नागरिक स्वयंसेवक, नागरिक पुलिस स्वयंसेवक और इस तरह के अन्य संविदात्मक / आकस्मिक / दैनिक वेतनभोगी / दिहाड़ी कामगार, और सरकारी प्रतिष्ठान के स्वयंसेवक है।

# गहलोत सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी भाजपा , कहा- इसका बहुत लंबा भविष्य नही

**जयपुर ।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ राज्य विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। भाजपा विधायक दल की बृहस्पतिवार को यहां हुई बैठक में यह फैसला किया गया। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा के शुक्रवार से शुरू हो रहे सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। कटारिया ने कहा, हम अपनी तरफ से अविश्वास प्रस्ताव लेकर आ रहे हैं। हमने अपने प्रस्ताव में उन सारे बिंदुओं को लिया है जो राजस्थान में ज्वलंत हैं। कांग्रेस में खींचतान और खेमेबंदी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, अब भी कोशिश की है पैंचिंग की। लेकिन एक पूरब जा रहा है तो एक पश्चिम जा रहा है। ऐसी गति में मुझे लगता है कि सरकार ज्यादा दिन तक जी नहीं सकेगी। भले ही इसका टांका लगाने की कोशिश की है लेकिन कपड़ा फट चुका है। आज नहीं तो कल कपड़ा फटेगा। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि विधायक दल की बैठक में भाजपा व घटक दल के 75 में से 74 विधायक मौजूद थे। पूनियां ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, हम लोग अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए पूरे तरीके से तैयार हैं। क्योंकि हो सकता है कि यह सरकार कल सिर गिना दे लेकिन मुझे लगता है कि जनता की नजरों में इस सरकार का जनमत गिर चुका है। इसका बहुत लंबा भविष्य नहीं है। सरकार का जनमत गिर चुका है। इसका बहुत लंबा भविष्य नहीं है। पूनियां ने कहा, नैतिक रूप से यह सरकार हार चुकी है। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा, भाजपा विधायक दल सरकार के कुशासन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रख रहा है। यह इस सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव होगा। हम विधानसभा के नियम व प्रक्रियाओं के तहत सरकार की सारी विफलताओं को उजागर करने का प्रयास करेंगे।

भाजपा विधायक दल की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री मुरलीधर राव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री वी सतीश जी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा का सत्र शुक्रवार से शुरू होगा।

## प्लेन क्रैश में बचे 92 यात्री अस्पताल से लौटे घर, मौत को देखा था करीब से



**नेशनल डेस्क।** एअर इंडिया एक्सप्रेस ने वीरवार को बताया कि कोझिकोड विमान दुर्घटना में घायल हुए 92 यात्री पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और उन्हें अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। कोझिकोड हवाई अड्डे पर सात अगस्त की रात को भारी बारिश होने के कारण एअर इंडिया का एक विमान हवाई पट्टी पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 190 लोग सवार थे जिसमें उड़ान दल के छह सदस्य भी शामिल थे। विमान 35 फुट गहरी खाई में गिर कर टुकड़े-टुकड़े हो गया था और इस दुर्घटना में दोनों पायलट समेत 18 लोगों की मौत हो गई थी। नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा था 149 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, 23 ठीक हो चुके हैं और तीन की हालत नाजुक है। विमानन कंपनी ने एक वक्तव्य में कहा कि दुर्घटना में घायल यात्रियों का कोझिकोड के विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। एयरलाइन ने कहा कि अभी तक 92 यात्रियों को पूरी तरह ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। एयरलाइन ने रविवार को कहा था कि विमान दुर्घटना में मारे गए 16 यात्रियों के पार्थिव शरीर को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बेवफा सनमः शादी के 22 महीने बाद भी पत्नी ने नहीं बनाने दिए शारीरिक संबंध, फिर जो हुआ...

**अहमदाबाद।** कोरोना संकट के बीच गुजरात के अहमदाबाद से हैरान कर देने वाली खबर देखने को मिली जहां एक पत्नी ने शादी के 22 महीने बाद भी पति से शारीरिक संबंध नहीं बनाए। इससे परेशान होकर पति ने आत्महत्या कर ली। इसके बाद सास ने पत्नी के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया गया है। अहमदाबाद के मणिनगर की रहने वाली 32 साल की महिला गीता परमार की शादी 22 महीने पहले सुरेंद्र सिंह के साथ हुई थी। उसकी सास मुलि परमार ने आरोप लगाया है कि शादी के 22 महीनों में सुरेंद्र सिंह के साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाए। इसे लेकर सुरेंद्र सिंह काफी तनाव में था। इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली। सास ने एफआईआर में बताया है कि जब वह घर गई थी, तब भी उसने वहां दोनों को अलग-अलग सोते देखा था। सास मुलि परमार ने जब बेटे से इस बारे में पूछा था तो उसके बेटे ने उसे बताया था कि शादी के 22 महीने बाद भी गीता ने उससे संबंध नहीं बनाए हैं. बेटे ने यह भी बताया था कि गीता ने शपथ ली है कि वह अपने पति के साथ नहीं सोएगी। पुलिस ने मामले में पत्नी को आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

# निजी ट्रेनों के पल-पल का हिसाब रखेगा रेलवे, तय समय से पहले पहुंचने पर भी लेगा जुर्माना

**बिजनेस डेस्क।** रेलवे ने निजी संचालकों के लिये प्रदर्शन के प्रमुख संकेतकों को लेकर एक मसौदा जारी किया है, जिसके अनुसार अगर उनके द्वारा संचालित रेलगाड़ियां विलंब से चलती हैं अथवा गंतव्य पर समय पूर्व पहुंचती हैं तो उन्हें भारी जुर्माना देना होगा। बुधवार को जारी हुए मसौदे में कहा गया कि निजी ट्रेन संचालकों को वर्ष में 95 प्रतिशत तक समय का पालन करना होगा। मसौदे के अनुसार संचालकों को प्राप्त राजस्व के बारे में गलत जानकारी देने पर अथवा ट्रेन रद्द करने के बारे में सही जानकारी नहीं देने पर जुर्माना देना होगा। मसौदे के अनुसार, अगर रेलगाड़ी को गंतव्य तक पहुंचने में 15 मिनट से ज्यादा की देरी होती है ।

तो इसे समय का पालन करने में विफलता माना जाएगा। दस्तावेज में कहा गया कि ऐसे मामले में निजी संचालक को समय की पाबंदी के मुकाबले में समयबद्धता में प्रति एक प्रतिशत कमी के लिए 200 किलोमीटर का अतिरिक्त ढुलाई शुल्क रेलवे को देना होगा। रेलवे ने कहा कि ढुलाई शुल्क 512 रुपए प्रति किलोमीटर होगा। यह वह शुल्क है जो निजी संचालक रेलवे की आधारभूत संरचना का इस्तेमाल करने के एवज में उसे देगा। यदि कोई निजी रेलगाड़ी कम से कम 10 मिनट पहले गंतव्य पर पहुंचती है, तो संचालक को रेलवे को जुर्माने के तौर पर 10 किलोमीटर का ढुलाई शुल्क देना होगा। अधिकारियों ने कहा कि ये कदम इसलिए है ताकि निजी रेलगाड़ियां समय का पालन करें। इसमें यह भी कहा गया है कि यदि रेलगाड़ी रेलवे कही वजह से गंतव्य तक वक्त पर नहीं पहुंचती है तो रेलवे उसकी रकम अदा करेगा।

इसमें यह भी कहा गया है कि संचालक की तरफ से रेल सेवा रद्द करने की हालत में वह हर्जाने के तौर पर उस रेलगाड़ी के लिए रेलवे को एक चौथाई ढुलाई शुल्क देगा। वहीं, यदि रेलवे की तरफ से रेल सेवा रद्द की जाती है तो रेलवे संचालक को उतना ही शुल्क देगा।

## हैदराबाद के स्टार्टअप स्काईरूट ने देश के पहले निजी रॉकेट इंजन ‘रमण का सफल परीक्षण किया



**हैदराबाद।** हैदराबाद स्थित स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने ऊपरी चरण के रॉकेट इंजन ‘रमण का यहां सफल परीक्षण किया। यह इंजन कई उपग्रहों को एक ही बार में अलग-अलग कक्ष में स्थापित कर सकता है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व वैज्ञानिकों द्वारा स्थापित स्काईरूट भारत का पहला निजी अंतरिक्ष प्रक्षेपण वाहन बना रही है। स्काईरूट के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार चंदाना ने कहा, ‘‘हमने भारत के पहले शत-प्रतिशत 3 डी-प्रिंटेड बाय-प्रोपेलेंट तरल रॉकेट इंजन इंजेक्टर का प्रदर्शन किया। पारंपरिक विनिर्माण की तुलना में इसका कुल द्रव्यमान 50 प्रतिशत कम है और कुल घटकों की संख्या कम हुई है। यह इंजन कई बार चालू हो सकता है और इसलिए एक ही मिशन में कई उपग्रहों को कई कक्षाओं में स्थापित करने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि कंपनी के दो रॉकेट छह महीनों में प्रक्षेपण के लिए तैयार हो जाएंगे। इस स्टार्टअप ने अब तक 31.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं और 2021 से पहले 90 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है।

## अनलॉक के बाद शहर में 12 से ज्यादा मर्डर, किराए पर कमरा देखने के बहाने करोड़पति बुजुर्ग की हत्या

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी अपराधों का गढ़ बनती जा रही है। अनलॉक होने के बाद शहर में 12 से अधिक हत्याएं हो चुकी है। इसी कड़ी में इंदौर के पॉश कालोनी में 60 वर्ष बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। खास बात यह कि इस अपराध को तब अंजाम दिया गया जब सारे लोग जन्माष्टमी के सेलिब्रेशन में व्यस्त थे। इस घटना ने शहर में पुलिस की मुस्तैदी के दावों की खुली पोल कर रख दी। दरअसल पलासिया थाना क्षेत्र के अपार्टमेंट मनोरमा गंज स्थित हॉस्टल संचालक अजय शाह के घर में किराए का कमरा लेने के बहाने आए बदमाशों ने बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि घर के सामने ही फ्रूट का ठेला लगाने वाला भय्यू नामक युवक दो अन्य साथियों को लेकर अजय शाह के घर पहुंचा। वहां किराए से कमरा देने की बात कही। अजय शाह ऊपर का कमरा दिखाने के लिए पहुंचे तो तीन बदमाशों ने उनकी बेरहमी से हत्या कर दी काफी देर तक जब अजय शाह नीचे नहीं आए तो उनकी पत्नी द्वारा उनके वहां काम करने वाली लड़की शीतल को ऊपर भेजा बदमाशों ने शीतल को बंधक बनाकर ऊपर एक कमरे में बंद कर दिया काफी देर बाद जब उनकी पत्नी इंतजार करने के बाद भी जब उनके पति नीचे नहीं आए तो भय्यू नामक युवक नीचे आकर उनकी पत्नी से कहने लगा कि वह किसी काम से बाहर गए हुए हैं। शक होने पर काफी देर बाद जब उन्होंने परिजनों को फोन लगाया तो घबराकर बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद जब परिजनों ने काफी देर तक तलाश के बाद ऊपर बने कमरे में जाकर देखा तो शीतल बेहोश पड़ी थी ।

# पूर्व मंत्री ने साधा भाजपा पर निशाना !, कहा- एक प्रायोजित जहर ने ले ली राजीव त्यागी की जान



**भोपाल।** कांग्रेस के स्टार प्रवक्ता राजीव त्यागी का 53 वर्ष की उम्र में बुधवार को हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। राजीव त्यागी बुधवार को एक टीवी चैनल में डिबेट का हिस्सा थे, इस दौरान भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा से उनकी तीखी डिबेट भी हुई। लेकिन डिबेट खत्म होते ही सीने में तकलीफ के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। त्यागी की मौत के बाद राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई, तमाम कांग्रेसी व भाजपाई नेताओं ने उनकी मौत पर शोक प्रकट किया। वहीं अब त्यागी की मौत का कारण टीवी डिबेट भी माना जा रहा है, जिसको लेकर मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व दिग्विजय सिंह के बेटे ने इसकी लिए इशारों इशारों में भाजपा पर निशाना साधा है। एक ख़ास राजनैतिक विचारधारा को पोषित करने वाले प्रायोजित ज़हर ने राजीव त्यागी जी की मुखर आवाज़ को शांत किया है। प्रतिदिन यह ज़हर हिन्दू-मुस्लिम की विसात पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करते-करते आज हम तक पहुँच गया है। पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने ट्वीट करते हुए कहा है कि एक ख़ास राजनैतिक विचारधारा को पोषित करने वाले प्रायोजित ज़हर ने राजीव त्यागी जी की मुखर आवाज़ को शांत किया है। प्रतिदिन यह ज़हर हिन्दू-मुस्लिम की विसात पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करते-करते आज हम तक पहुँच गया है। इसके बाद उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव त्यागी जी के दुखद देहांत की ख़बर सुनकर स्तब्ध हूं। आज हमने एक मुखर आवाज़ को खो दिया। ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। टीवी बहसों में शब्दों की एक लक्ष्मण रेखा तो होना चाहिये। उत्तेजित और भड़काने से बेहतर है की एक सार्थक विमर्श स्थापित किया जाये। जीवन बहुत ही अनिश्चित है ...अभी भी शब्द नहीं मिल रहें हे गोविंद राजीव जी को अपने श्री चरणो में स्थान देना बता दें कि एक टीवी डिबेट में हिस्सा लेने वाले राजीव त्यागी डिबेट के दौरान भी कुछ असहज नजर आए, लेकिन शायद इस बात से वे खुद भी अनजान थे के अगले ही कुछ घंटों में उनके साथ क्या होने वाला है। टीवी डिबेट खत्म होने के बाद वे घर गए, और तबीयत खराब होने के बाद बेहाश हो गए। जिन्हें आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अकसर राजीव त्यागी के साथ डिबेट में हिस्सा लेने वाले भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा भी ये सूचना पाने के बाद हैरान रहे गए। ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा है कंग्रेस के प्रवक्ता मेरे मित्र राजीव त्यागी हमारे साथ नहीं है। आज 5 बजे हम दोनो ने साथ में डिबेट भी किया था। जीवन बहुत ही अनिश्चित है, अभी भी शब्द नहीं मिल रहें हे, गोविंद राजीव जी को अपने श्री चरणो में स्थान देना।

## गुजरातः चाय नहीं बनाकर दी,तो हैवान पति ने किया पत्नी का ऐसा बुरा हाल...पुलिस भी रह गई हैरान

**नेशनल डेस्क।** अहमदाबाद में अजीब मामला सामने आया है, जहां पति ने चाय नहीं बनाकर देने पर पत्नी को इतनी बुरी तरह से प्रताड़ित किया कि सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चाय नहीं बनाकर देने से नाराज पति ने अपनी पत्नी के प्राइवेट पार्ट में लाल मिर्च पाउडर भर दिया। मामला साबरमती इलाके का है। महिला ने शीतला सतम (शीतला अष्टमी) की पूजा की थी। गुजरात में हिंदू परिवार शीतला सतम मनाते हैं। इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलता। एक दिन पहले का पका बासी खाना ही खाया जाता है। महिला की सास ने उससे चाय बनाकर देने को कहा तो उसने कहा कि आज के दिन चूल्हा नहीं जलाएगी। इस बात को लेकर सास-बहू में बहस शुरू हो गई। तभी घर में मौजूद पति ने उसे जमकर पीटा। महिला ने कहा कि वह कहती रही कि बाहर से चाय लाकर दे देती है लेकिन उसकी एक नहीं सुनी गई। वह घर से बाहर आई तो पति और सास ने उसका पीछा किया और उस पर पत्थर फेंका। महिला ने बताया कि दोनों जबरदस्ती उसे घर खींचकर लाए। महिला ने बताया कि घर लाकर पति ने डंडों के साथ उसकी बुरी तरह से पिटाई की और प्राइवेट पार्ट में लाल मिर्च पाउडर भर दिया।महिला ने बताया कि वह पूरा दिन दिन दर्द से तड़पती रही। अगले दिन उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने कहा कि यह पहला मामला नहीं है महिला ने बताया कि वह पूरा दिन दिन दर्द से तड़पती रही। अगले दिन उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने कहा कि यह पहला मामला नहीं है जब उसके पति ने इस तरह उसे प्रताड़ित किया है। वह कई बार मायक भी गई लेकिन परिवार वाले समझाकर उसे वापिस ससुराल भेज देते। इस बार तो पति ने सारी हदें पार कर दी और उसे बुरी तरह से प्रताड़ित किया।

संक्षिप्त समाचार



## पाक में सिख लड़की के जबरन धर्मांतरण-विवाह मामले में खालिस्तान समर्थक गोपाल सिंह का चेहरा बेनकाब

**पेशावर।** पाकिस्तान में एक साल पहले सिख ग्रंथी की लड़की जगजीत कौर के अपरहरण और जबरन धर्म परिवर्तन के बहुचर्चित मामले में पाक अदालत द्वारा दोनों पक्षों के बीच समझौते करवाने का समाचार है । इस समझौते का एक वीडियो भी शेयर किया गया है जिसमें जगजीत कौर के भाई और पिता के अलावा जगजीत का मुस्लिम पति और उसके भी दिखाई दे रहे हैं। खास बात यह है कि इस वीडियो में भारत का कट्टर विरोधी खालिस्तान समर्थक गोपाल सिंह चावला विचौलिए की भूमिका में दिख रहा है। दार-उल-अमन में लगभग एक वर्ष बिताने के बाद जगजीत कौर उर्फ आयशा बीबी को अपने मुस्लिम पति मुहम्मद के साथ जाने की अनुमति दे दी गई है। जगजीत कौर उर्फ आयशा बीबी के भाई मनमोहन सिंह ने 29 अगस्त 2019 को अपनी बहन के अपहरण और जबरन उसका धर्मपरिवर्तन कर मुस्लिम बनाने की दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपों को झूठा बताकर को ही रद्द कर दिया है। जगजीत के भाई मनमोहन सिंह ने स्नढ्ढक्र में दावा किया था कि उनकी बहन को लोगों के एक समूह ने बंदूक की नोक पर अगवा कर लिया। उनका जबरन धर्मपरिवर्तन कराते हुए मुहम्मद हसन से शादी करा दी गई। इसके बाद पुलिस ने हसन के कई परिजनों और दोस्तों को हिरासत में लिया था। हसने के वकील ने टीओआई ले कहा था कि , हसन ने कोर्ट को बताया कि न सिर्फ सिख समुदाय के लोग बल्कि स्थानीय पुलिस भी उनका और उनके परिवार का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने अपनी पत्नी को दारुल अमन से जल्द रिहाई की भी मांग की, जहां उन्हें 29 अगस्त को शादी के बाद से ही रखा गया है। बता दें कि यह मामला काफी चर्चित हुआ था। इस मामले में ननकाना साहिब पुलिस ने पहले दावा किया था कि लड़की अपने माता-पिता के घर लौट चुकी है, हालांकि यह दावा झूठा साबित हुआ। लड़की के भाई ने कहा था कि उसकी बहन घर नहीं आई है। यह मामला पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, लड़कियों यहां तक कि नाबालिगों के जबरन धर्मांतरण और निकाह का एक और उदाहरण है ।

## सिंधिया के साथ राज्यसभा पहुंचे बीजेपी सांसद कोरोना पॉजिटिव, कई कार्यक्रमों में हुए थे शामिल

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश की राजनीति में कोरोना वायरस ने हड़कंप मचा रखा है। सीएम शिवराज व कई वरिष्ठ बीजेपी और कांग्रेस नेताओं के कोरोना संक्रमित होने के बाद आज राज्यसभा सासंद सुमेर सिंह सोलंकी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। बताया जा रहा है कि वे पिछले दिनों भोपाल दौरे पर भी रहे हैं। वहीं बड़वानी में भी कई राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। फिलहाल उनके संपर्क में आए सभी लोगों को अपनी जांच कराने की बात कही गई है।

## तंगदार सेक्टर फायरिंग में घायल सिविल नागरिक की मौत

**श्रीनगर।** कश्मीर के तंगदार सेक्टर में घायल हुये सिविल नागरिक की मौत हो गई। यह नागरिक पिछले सप्ताह पाकिस्तान द्वारा एलओसी पर किये गये संघर्ष विराम उल्लंघन में घायल हो गया था। उसकी पहचान मोहम्मद याकूब मीर के तौर पर हुई थी। जानकारी के अनुसार मीर ने एसकेआईएमएस अस्पताल में अपने घावों का ताव न सहते हुये वीरवार को दम तोड़ दिया। मीर उन छ लोगों में शामिल था जो सात अगस्त को नापाक पड़ोसी की हरकत का शिकार होकर जख्मी हो गये थे।

## सुशांत केसः बिहार सरकार और रिया चक्रवर्ती ने एससी पेश किए में अपने लिखित अभिवेदन

**नई दिल्ली/पटना।** सुशांत सुसाइड मामले में पटना में दर्ज प्राथमिकी मुंबई स्थानांतरित करने के लिए दायर रिया की याचिका पर अभिनेत्री और बिहार सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में लिखित अभिवेदन पेश किए। पटना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में राजपूत के पिता ने रिया और उसके परिवार के सदस्यों सहित छह अन्य लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। बिहार सरकार ने अधिवक्ता केशव मोहन के जरिए पेश किए गए अपने लिखित अभिवेदन में रिया की याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए कहा,‘‘जांच का जिम्मा संभालने और इसे तेजी से निपटाने के सीबीआई के रास्ते में किसी भी प्रकार की बाधा डालने की अनुमित नहीं दी जाएगी। वहीं रिया चक्रवर्ती ने अपने लिखित अभिवेदन में कहा कि बिहार पुलिस के आदेश पर जांच का जिम्मा सीबीआई को स्थानांतरित किया जाना अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। उच्चतम न्यायालय ने चक्रवर्ती की याचिका पर अपना फैसला 11 अगस्त को सुरक्षित कर लिया था और संबंधित पक्षों से बृहस्पतिवार तक अपने लिखित अभिवेदन देने का निर्देश दिया था।

## बारिश के बाद कठुआ के मुख्य बाजार में हो जाता है जलभराव

**कठुआ ।** मुख्य बाजार में पानी की निकासी उचित न होने के कारण दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद बाजार तालाब का रूप धारण कर लेता है। मुख्य गली में जलभराव की स्थिति के कारण दुकानदारों के साथ साथ आम लोगों को आवाजाही तक करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों का कहना है कि बारिश के बाद बाजार में कई घंटों तक जलभराव रहता है। हल्की बारिश के बाद स्थिति काफी खराब हो जाती है। आवाजाही में हल्की बारिश के बाद स्थिति काफी खराब हो जाती है। आवाजाही में कामकाज पर भी असर पड़ता है। हल्की बारिश के बाद स्थिति काफी खराब हो जाती है। आवाजाही में परेशानियों के साथ साथ उनके कामकाज पर भी असर पड़ता है। दुकानदार आशीष कुमार, काका महाजन ने कहा कि बारिश के दौरान कई घंटों तक तो पानी गलियों में बहता है लेकिन बारिश थमने के बाद भी घंटों तक जलभराव रहता है। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें काफी नुकसान होता है। उन्होंने नगर परिषद से अपील करते हुए कहा कि मुख्य बाजार में पानी निकासी के उचित प्रबंध किए जाएं ताकि लोगों के साथ साथ दुकानदारों को पेश आने वाली समस्याओं से निजात मिल सके।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## कैमरे की नज़र में कानपुर नगर की पहली तेज बरसात

की वास्तविक तस्बीर को बयां करते चित्र को क्रांति समय ने अपने कैमरे में कैद किया और नगर निगम के दावों की पोल को जनमानस तक पहुचाने का प्रयास किया कि आखिरकार पहली तेज बारिश में कैसे बह गया कानपुर







कानपुर नगर के अनेक स्थानों में जलभराव की स्थित को **क्रांति समय** ने अपने कैमरे में कैद किया। क्या ऐसे बनेगा कानपुर स्मार्ट सिटी ?
















कानपुर नगर के अनेक स्थानों में जलभराव की स्थित को **क्रांति समय** ने अपने कैमरे में कैद किया। क्या ऐसे बनेगा कानपुर स्मार्ट सिटी ?













कानपुर नगर के अनेक स्थानों में जलभराव की स्थित को **क्रांति समय** ने अपने कैमरे में कैद किया। क्या ऐसे बनेगा कानपुर स्मार्ट सिटी ?

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## कैमरे की नज़र में कानपुर नगर की पहली तेज बरसात

की वास्तविक तस्वीर को बयां करते चित्र को क्रांति समय ने अपने कैमरे में कैद किया और नगर निगम के दावों की पोल को जनमानस तक पहुचाने का प्रयास किया कि आखिरकार पहली तेज बारिश में कैसे बह गया कानपुर











